page 1_Layout 1 24-10-2026 21:58 Page 1

डेली
आवाज भारती
बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » रविवार, 25 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :182 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

अनमोल वचन

'जो दूसरों के हित में काम करता है, वही सच्चा भक्त है।'



पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज का भारती



अमनजोत कौर रामूवालिया (प्रवक्ता, भाजपा पंजाब, राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्य

अमनजोत कौर रामूवालिया, पंजाब की रहने वाली हैं। कना ा की नागरिकता छो पँजाब के लोगों के लिए पँजाब वापिस आई। अमनजोत कौर रामूवालिया की मुख्य रूप से दो कामों की वजह से पहचान है... पहला- विदेशों में जो लोग जंगलों में, समुद्रों में या किसी तहखाने में काटकर फेंक दिए जाते हैं, उनकी लाशें भारत लाने का काम करती हैं। इन के परिवार के लिए यह काम धर्म जैसा है। 40 साल से ये परिवार विदेशों से लाशें लाने का काम कर रहे हैं। पहले इनके पापा सरदार बलवन्त सिंह रामूवालिया करते थे। अब 10 साल से अमनजोत कौर रामूवालिया कर रही हैं। कई बार किसी लड़की को विदेशों में बंदी बना लिया जाता है।

फिलीपींस में 2 प्लेन हवा में आपस में टकराए, हादसे में 4 पायलटों की मौत

- दोपहर 3:51 बजे फर्नांडो एयर बेस के अंदर गिरे
- वहीं जमीन पर अन्य व्यक्ति को नुकसान नहीं हुआ
- स्स्र-260 विमानों की उड़ान पर रोक लगा दी गई है

डेली आवाज भारती


दोनों विमान SF-260 मॉडल के ट्रेनर एयरक्राफ्ट



मनीला। फिलीपींस की राजधानी मनीला के दक्षिण में शुक्रवार को ट्रेनिंग के दौरान दो विमान आपस में टकरा गए। सेना ने शनिवार को जानकारी दी कि इस हादसे में प्लेन में सवार 4 पायलट की मौत हो गई है। दोनों विमान स्स्र-260 मॉडल के ट्रेनर एयरक्राफ्ट थे जो दोपहर 3:51 बजे फर्नांडो एयर बेस के अंदर गिरे और हादसे का शिकार हुए। पीएएफ के आधिकारिक बयान के अनुसार, यह हादसा शुक्रवार को बटांगस प्रांत स्थित फर्नांडो एयर बेस पर चल रही ट्रेनिंग के दौरान हुआ। दोनों विमान हवा में ही आपस में टकरा गए। विमान एयर बेस परिसर के भीतर ही गिरे, जिससे जमीन पर किसी अन्य व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचा।

SF-260 विमानों की उड़ान पर रोक

इस साल हवा में विमान टकराने का यह पांचवा बड़ा हादसा है। हादसे के बाद फिलीपींस वायुसेना ने स्स्र-260 विमानों की उड़ान पर रोक लगा दी है। यह रोक जांच पूरी होने तक जारी रहेगी। वायुसेना ने हादसे की वजह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।



राजस्थान : कार हादसे में परिवार समेत 6 लोगों की मौत, बच्चों का करवाने जा रहे थे मुंडन

- इस हादसे में एक ड्राइवर की भी मौत हो गई है
- कुलदेवी गुड़गावां वाली माता के पास जा रहे थे
- यशोदा की 9 माह की बेटी दिव्यांशी गंभीर हैं
- मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने लिया जायजा

डेली आवाज भारती



राजस्थान के चुरू में शनिवार सुबह-सुबह कार हादसे में एक ही परिवार के 5 सदस्यों की मौत हो गई है। हादसे में एक ड्राइवर की भी मौत हो गई है। मृतकों की पहचान भंवर लाल शर्मा (60), उनकी पत्नी महेंद्र देवी (55), बहू कविता (28) पत्नी संदीप, यशोदा (34) पत्नी संजय, कविता का बेटा कन्हैया (4 माह) और ड्राइवर मांगीलाल नाई (31) के रुप में हुई है। यशोदा की 9 महीने की बेटी दिव्यांशी गंभीर रुप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी।

बच्चों का मुंडन करवाने जा रहे थे

जानकारी के मुताबिक पूरा परिवार कार में सवार होकर बच्चों का मुंडन करवाने के लिए कुलदेवी गुड़गावां वाली माता जा रहे थे। इसी दौरान सादुलपुर में कार आगे चल रहे ट्रक में घुस गई है। आसपास के लोगों ने देखा तो तुरंत दौड़कर मौके पर पहुंचे और पीड़ितों की मदद में जुट गए। मृतकों के परिजनों को जानकारी दी गई। घटना में 7 महीने की बच्ची घायल थी, उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जायजा लिया।

किसान नेता राकेश टिकैत पहुंचे परविंदर झोटा के घर, बोले- नशे पर लगाम लगाए सरकार

- झोटा के परिवार से पोस्टमार्टम करवाने की अपील भी की गई
- नशा कारोबार पर चिंता जता सख्ती से रोक लगाने की अपील

डेली आवाज भारती

राकेश टिकैत ने उनके लिए इंसाफ की मांग का समर्थन किया



मानसा। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और किसान नेता राकेश टिकैत मानसा पहुंचे। यहां उन्होंने नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले दिवंगत परविंदर सिंह झोटा के परिवार से मुलाकात की और उनके लिए इंसाफ की मांग का समर्थन किया। टिकैत ने पंजाब में नशे के बढ़ते कारोबार पर चिंता जताते हुए राज्य सरकार से इस पर सख्ती से रोक लगाने की अपील की। उन्होंने दावा किया कि पंजाब में बनी नशीली कैप्सूल उत्तर प्रदेश तक पहुंच रही हैं। राकेश टिकैत ने पंजाब सरकार से नशे के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि अगर पंजाब ही बीमार हो गया, तो सरकार किस पर राज करेगी? पंजाब में तैयार होने वाली नशीली कैप्सूल उत्तर प्रदेश तक पहुंच रही हैं। नशे की सप्लाई गुजरात और नेपाल के रास्ते भी हो रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले पर गंभीरता से ध्यान देने की अपील की।

झोटा के परिवार से पोस्टमार्टम करवाने की अपील

राकेश टिकैत ने परविंदर सिंह झोटा के परिवार से पोस्टमार्टम करवाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि ऐसा होने से पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया जा सकेगा। गौरतलब है कि परविंदर सिंह झोटा की 13 अक्टूबर को मानसा में हत्या कर दी गई थी। उनके परिवार का इंसाफ की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन जारी है। शनिवार को धरने का 13वां दिन था।

कैलाश नगर में देसी घी की फैक्ट्री पर खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, 675 किलोग्राम एक्सपायरी घी नष्ट

- सरताज, दयाल और डेयरी फार्म ब्रांडों का 135 किलोग्राम देसी घी

डेली आवाज भारती



लुधियाना/रवीश कपूर। त्योहारों के मद्देनजर लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की फूड सेफ्टी विंग द्वारा जिले भर में जांच अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आज सिविल सर्जन लुधियाना डॉ. रामनदीप कौर के नेतृत्व में फूड सेफ्टी टीम ने कैलाश नगर स्थित देसी घी की एक फैक्ट्री पर छापेमारी कर वहां तैयार किए जा रहे और भंडारित उत्पादों की विस्तृत जांच की। जांच के दौरान टीम ने फैक्ट्री से सरताज, दयाल और डेयरी फार्म ब्रांडों का 135 किलोग्राम देसी घी तथा 3,405 किलोग्राम खुला देसी घी बरामद किया। इसके अतिरिक्त कुल 4,215 किलोग्राम संदिग्ध देसी घी जब्त किया गया। वहीं, 675 किलोग्राम एक्सपायरी देसी घी की पहचान कर उसे निर्धारित नियमों के अनुसार मौके पर ही नष्ट कर दिया गया, ताकि यह बाजार में न पहुंचे और लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा न बने। टीम ने फैक्ट्री में मौजूद उत्पादों की पैकेजिंग, लेबलिंग, एक्सपायरी तिथि और भंडारण व्यवस्था की भी जांच की। इसके अलावा, घी के पांच नमूने तथा सरसों के तेल का एक नमूना लेकर सरकारी प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है। इन नमूनों के माध्यम से खाद्य पदार्थों में मिलावट, गुणवत्ता, शुद्धता और सुरक्षा संबंधी निर्धारित मानकों की जांच की जाएगी। प्रयोगशाला की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है, तो संबंधित फर्म या जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा कानून के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. रामनदीप कौर ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि त्योहारों के मौसम में मिठाइयों, दुग्ध उत्पादों, घी, तेल और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में मिलावटखोरी और एक्सपायरी खाद्य पदार्थों की बिक्री को रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विशेष निगरानी और औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभागीय टीमों द्वारा उत्पादन इकाइयों, गोदामों, दुकानों और बाजारों में नियमित रूप से जांच की जा रही है।

25 अक्टूबर को पंजाब के गांवों और शहरों में फूंके जाएंगे झाड़ू!

- परविंदर झोटा मामले में इंसाफ कमेटी का ऐलान, मुख्यमंत्री और डीजीपी के इस्तीफे की मांग पर अड़ा परिवार

डेली आवाज भारती



मानसा। परविंदर सिंह झोटा मामले को लेकर पंजाब में विरोध तेज करने की तैयारी है। इंसाफ कमेटी और एक्शन कमेटी ने 25 अक्टूबर को राज्यभर के गांवों और कस्बों में रोष प्रदर्शन करते हुए सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के चुनाव चिह्न झाड़ू को फूंकने का ऐलान किया है। कमेटी ने लोगों से इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है। कमेटी के ऐलान के अनुसार, 25 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक विभिन्न स्थानों पर विरोध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। परिवार और कमेटी की प्रमुख मांगों में मुख्यमंत्री भगवंत मान और डीजीपी गौरव यादव के इस्तीफे शामिल हैं। सरकार की ओर से गठित तीन सदस्यीय पैनल के साथ बातचीत के बावजूद प्रमुख मांगों पर सहमति नहीं बन पाई। कमेटी का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस फैसला नहीं लिया जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। परिवार ने मांगें पूरी होने तक पोस्टमार्टम नहीं करवाने का भी रुख दोहराया है।

ऐतिहासिक उपलब्धिः पीएम मोदी का संकल्प हुआ साकार

11 करोड़ किसानों को मिला फार्मर आईडी का सुरक्षा कवच

डेली आवाज भारती



देश के कृषि क्षेत्र में एक नए डिजिटल युग का सूत्रपात करते हुए केंद्र सरकार ने निर्धारित समय से पांच महीने पहले ही 11 करोड़ %फार्मर आईडी% (किसान विशिष्ट डिजिटल पहचान) तैयार करने का ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल कर लिया है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के %विकसित भारत-समृद्ध किसान% के विजन की ऐतिहासिक जीत बताया है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित %डिजिटल कृषि मिशन% के तहत हासिल की गई यह सफलता देश के अन्नदाताओं को सरकारी योजनाओं, बैंक ऋण, फसल बीमा और आपदा राहत का पारदर्शी एवं त्वरित लाभ बिना किसी कागजी दौड़-धूप के सीधे पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करती है। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 23 अक्टूबर की रात तक देश में 11 करोड़ फार्मर आईडी बनाने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्य के लिए 31 मार्च 2027 तक का लक्ष्य निर्धारित किया था जिसे कृषि मंत्रालय, राज्य सरकारों और मैदानी स्तर के अधिकारियों के समन्वित प्रयासों से 5 महीने पहले ही हासिल कर लिया गया।

सरकारी खजाने को 24.34 लाख रुपये की चपत लगाने का आरोप!

फरीदकोट जल सप्लाई विभाग में कथित घोटाला, एक्सियन समेत 6 अधिकारी और 3 ठेकेदार नामजद

डेली आवाज भारती



फरीदकोट। पंजाब के फरीदकोट में जल सप्लाई एवं सैनिटेशन विभाग से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में विजिलेंस ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। शहर की जल सप्लाई योजना के रखरखाव के लिए आवंटित सरकारी धन में से 24.34 लाख रुपये के कथित गबन के आरोप में छह अधिकारियों-कर्मचारियों और तीन ठेकेदारों सहित कुल नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जांच के अनुसार, फरीदकोट शहर की जल सप्लाई योजना के रखरखाव के लिए 23 अक्टूबर 2024 को 73.36 लाख रुपये आवंटित किए गए थे। आरोप है कि कुछ कार्यों के नाम पर कागजी प्रक्रिया पूरी करके भुगतान जारी करवाया गया, जबकि मौके पर वास्तविक काम नहीं किया गया। विजिलेंस जांच में सात कार्यों की मंजूरी और भुगतान प्रक्रिया में कथित अनियमितताएं सामने आई। आरोप है कि शुरुआती अनुमान 49,900 रुपये प्रति कार्य रखा गया था, जिसे बाद में कुछ कार्यों के लिए बढ़ाकर करीब पांच लाख रुपये तक कर दिया गया। जांच में तत्कालीन सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर के कथित जाली हस्ताक्षरों से मंजूरी लिए जाने का आरोप भी सामने आया है।

छह अधिकारी और तीन ठेकेदार नामजद

***मामले** में एक्सईएन जसविंदर सिंह, एसडीओ संदीप सिंह, जेई परविंदर सिंह, वरिष्ठ सहायक जस्मित सिंह और तारा सिंह तथा डेटा एंट्री ऑपरेटर सतनाम सिंह के नाम शामिल हैं। इसके अलावा ठेकेदार करनैल सिंह, हरदीप सिंह और जसवीर सिंह को भी नामजद किया गया है। विजिलेंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अधिकारियों के अनुसार, मामले की जांच जारी है और अन्य संभावित संलिप्तता की भी पड़ताल की जा रही है।*

पंजाब विधानसभा में 'सर' के खिलाफ प्रस्ताव पारित, भड़की भाजपा

मतदाता सूची में कथित ग़ड़बड़ियों की जांच की मांग, चुनाव आयोग की भूमिका पर उठाए सवाल

- यह ध्यान भटकाने का हथकंडा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़/सुकून महाजन। पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। विधानसभा ने शुक्रवार को इस मुद्दे पर प्रस्ताव पारित करते हुए मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं और मतदाताओं के अधिकारों से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग की।प्रस्ताव में आशंका जताई गई कि मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ियों के कारण पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। विधानसभा ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका से जुड़े आरोपों की जांच के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष व्यवस्था की मांग भी उठाई।

चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर बहस

इस मुद्दे ने पंजाब में चुनावी प्रक्रिया, मतदाता सूची की शुद्धता और पात्र मतदाताओं के अधिकारों को लेकर नई बहस छेड़ दी है। मतदाता सूची में किसी भी तरह की त्रुटि को दूर करना और पात्र नागरिकों का नाम सूची में सुनिश्चित करना चुनावी व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। विधानसभा में पारित प्रस्ताव के बाद अब इस मामले में आगे की कार्रवाई पर नजर रहेगी। मतदाता सूची से संबंधित आरोपों और उनके आधार की स्वतंत्र जांच से ही स्थिति अधिक स्पष्ट हो सकेगी।

पंजाब में पराली का धुआं बढ़ा, 510 घटनाओं ने बढ़ाई चिंता

तरनतारन में सबसे अधिक मामले, अमृतसर दूसरे स्थान पर; पराली प्रबंधन बड़ी चुनौती



डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब में धान की कटाई के बीच पराली जलाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। 22 अक्टूबर 2026 तक राज्य में पराली जलाने की 510 घटनाएं दर्ज की गई। इनमें तरनतारन जिला सबसे आगे रहा, जहां 247 मामले सामने आए, जबकि अमृतसर में 136 घटनाएं दर्ज की गई। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, राज्य में पराली जलाने की घटनाओं की निगरानी के लिए खेतों का निरीक्षण किया जा रहा है। कुल 467 मामलों में भौतिक निरीक्षण किया गया, जिनमें 195 स्थानों पर पराली जलाने की पुष्टि हुई। प्रशासन की ओर से नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है। आंकड़ों के मुताबिक, पराली जलाने से जुड़े 184 मामलों में कुल 9.30 लाख रुपये का पर्यावरणीय मुआवजा लगाया गया, जिसमें से 4.93 लाख रुपये की वसूली की गई। इसके अलावा, संबंधित मामलों में 227 चेतावनी और कारण बताओ नोटिस जारी किए गए।

किसानों को पराली प्रबंधन के लिए सहयोग जरूरी

***धान** की कटाई और गेहूं की अगली फसल की बिजाई के बीच कम समय होने के कारण किसानों के सामने फसल अवशेषों के प्रबंधन की चुनौती रहती है। ऐसे में पराली को खेत में मिलाने वाली मशीनों की उपलब्धता बढ़ाना और पराली के उचित उपयोग की व्यवस्था करना महत्वपूर्ण है। पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ने का खतरा रहता है। इस समस्या पर नियंत्रण के लिए प्रशासनिक निगरानी और नियमों के पालन के साथ किसानों को आधुनिक कृषि मशीनरी तथा वैकल्पिक प्रबंधन के साधन उपलब्ध करवाना भी जरूरी है। आने वाले दिनों में धान की कटाई के साथ पराली जलाने की घटनाओं पर प्रशासन की निगरानी अहम रहेगी।*

CMYK

page 2_Layout 1 24-10-2026 18:05 Page 1

खरड़ हलके के गांव करौरा, सिओंक, बदरपुर और हसनपुर में चेयरमैन गोल्डी ने शुरू कराए विकास कार्य

डेली आवाज भारती



माजरा/नवां गांव (हरतेज सिंह तेजी), पंजाब यूथ डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन परमिंदर सिंह गोल्डी ने खरड़ हलके के गांव करौरा, सिओंक, बदरपुर और हसनपुर में कुल 61 लाख रुपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन, शिलान्यास और नए कार्यों की शुरुआत की। इन विकास कार्यों का मुख्य उद्देश्य गांवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के साथ-साथ खेल, शिक्षा, जलापूर्ति और स्वच्छता व्यवस्था में सुधार करना है।

गांव वार विकास कार्यों का विवरण:

करौरा- श्मशान घाट और युवाओं के लिए ओपन जिम का उद्घाटन किया गया। इसके अलावा वाटर टैंकर उपलब्ध कराने और गंदे पानी की निकासी के काम शुरू किए गए। इन कार्यों पर 20.75 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

सिओंक: बस स्टैंड पर शेड और ओपन जिम का उद्घाटन करने के साथ-साथ पानी की पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू किया गया। इन कार्यों पर 12.25 लाख रुपये की लागत आएगी।

बदरपुर: खेल के मैदान की आधारशिला रखी गई। पुस्तकालय (लाइब्रेरी) के निर्माण और गंदे पानी की निकासी के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू किया गया। 15 लाख रुपये की लागत वाले इन कार्यों से युवाओं को खेल और शिक्षा के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

हसनपुर: तालाब की खुदाई का शिलान्यास किया गया और पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू किया गया। इन विकास कार्यों पर 13 लाख रुपये खर्च होंगे।

इस अवसर पर ब्लॉक समिति चेयरमैन रघुवीर सिंह मोदी, बीडीपीओ महकमीत सिंह, करौरा की सरपंच दे शो देवी, सिओंक की सरपंच सुखविंदर कौर, बदरपुर की सरपंच किरनदीप कौर, हसनपुर के सरपंच अमरीक सिंह, सचिव सुखविंदर सिंह, यादविंदर सिंह, जगमोहन सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और ग्रामीण मौजूद थे।



हरियाणा : करनाल में मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

डेली आवाज भारती



करनाल । हरियाणा के करनाल में सीआईए-2 पुलिस टीम और बदमाश अनिल कुमार के बीच मुठभेड़ हो गई। यह मुठभेड़ तरावड़ी थाना क्षेत्र के भैणी खुर्द गांव के पास हुई, जहां पुलिस ने नाकाबंदी की हुई थी। पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार अनिल किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था और उसके पास अवैध हथियार होने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने जब बाइक सवार अनिल को रोकने का प्रयास किया, तो उसने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाई। इस दौरान अनिल के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए करनाल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। करनाल सीआईए-2 के जांच अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि पुलिस को देर शाम सूचना मिली थी कि अनिल कुमार नाम का बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहा है। उसके पास अवैध हथियार होने की भी जानकारी मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने भैणी खुर्द गांव के पास नाकाबंदी की। जब पुलिस ने बाइक सवार अनिल को रुकने का इशारा किया, तो उसने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई की। इसी दौरान पुलिस और बदमाश के बीच कुल सात राउंड फायरिंग हुई। पुलिस के अनुसार, बदमाश की ओर से तीन राउंड फायर किए गए, जबकि पुलिस टीम ने जवाब में चार राउंड फायरिंग की। इसी दौरान अनिल के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान घायल अनिल के कब्जे से अवैध हथियार और एक पल्सर बाइक बरामद की है।

मांगें ना माने जाने के कारण कांट्रैक्टर कर्मचारियों में भारी रोष

डेली आवाज भारती



पंजाब एड्स नियंत्रण इंप्लाईज वेल्फेयर एसोसिएशन की पदाधिकारी जानकारी देती हुई।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब एड्स नियंत्रण इंप्लाईज वेल्फेयर एसोसिएशन द्वारा विभाग और सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों और कर्मचारियों की लंबे समय से लटकती जायज मांगें पूरी न होने के कारण भारी रोष व्यक्त किया गया। इस संबंध में जिला फिरोजपुर के आईसीटीसी सेंटर की कौंसलर मोनिका रानी, शैले और प्रवीन कुमारी, लैब टेक्नीशियन अमनदीप, एआरटी सेंटर के स्टाफ अमन कुमार, अमन शर्मा, पुनीता और मनप्रीत, ओएसटी सेंटर की रजनी और सीमा, रिंकू रानी सहित अन्य सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा कर्मचारियों की जायज मांगों का समर्थन करते हुए रोष व्यक्त किया गया। इस दौरान स्टाफ सदस्यों ने बताया कि विभाग के अधीन विभिन्न सेंटरों में काम कर रहे कर्मचारी लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। इसके बावजूद सरकार और संबंधित अधिकारियों द्वारा उनकी मांगों की ओर उचित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर को होने वाली पैरामेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी कमेटी की स्वास्थ्य मंत्री के साथ मीटिंग में यदि मांगों का हल ना हुआ तो कर्मचारियों द्वारा तीखे संघर्ष किए जाएंगे। कर्मचारियों ने बताया कि उनके द्वारा बार-बार मांग पत्र देने और अपनी समस्याओं से अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस हल नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांगें ना मानी जाने की सूरत में 1 नवंबर 2026 से रिपोर्टें बंद कर दी जाएंगी और 3 नवंबर 2026 को पूरे पंजाब में काम-काज ठप्प करके रोष प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर सभी स्टाफ ने सरकार और संबंधित विभाग से मांग की कि कर्मचारियों की जायज मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि कर्मचारियों को आ रही समस्याओं का हल हो सके।

10 ग्राम हेरोइन के साथ पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान 1 व्यक्ति को शक के अधार पर गिर▪तार करके उसके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिर▪तार किए व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मक्खू के एएसआई दीप सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर सुनील पुत्र छिंदा वासी वार्ड नंबर 10 ईसा नगरी मक्खू को गिर▪तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 10 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामले की जांच कर रहे दीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में सुनील पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने छठ घाटों के विकास, सौंदर्यीकरण और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को प्रेमबाड़ी पुल, सिंघलपुरी के पास मुनक नहर के किनारे छठ घाटों के विकास, सौंदर्यीकरण और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मैंने सिंघलपुर के प्रेमबाड़ी पुल के पास मुनक नहर के किनारे छठ घाटों पर चल रहे विकास, सौंदर्यीकरण और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। मुनक नहर, जिसके आसपास गंदगी और अव्यवस्था के कारण कभी लोगों को परेशानी होती थी, अब वहां साफ-सफाई, सुंदरता और सुविधाओं की एक नई तस्वीर देखने को मिल रही है। हमारा लक्ष्य छठ महापर्व से पहले निर्माण कार्य पूरा करना है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि माताएं, बहनें और श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के, साफ-सुथरे माहौल में छठी मैया की पूजा कर सकें, इसके लिए अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण काम करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में छठ पूजा की तैयारियों की निगरानी के लिए एक विशेष समिति का गठन किया था। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं, सुरक्षा और सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

यह छठ समिति घाटों और पूजा स्थलों पर एनओसी, पीने के पानी, चिकित्सा और एम्बुलेंस सेवाओं, अग्निशमन सुरक्षा, मोबाइल शौचालय, सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई, फॉगिंग और निर्बाध बिजली आपूर्ति की निगरानी करेगी। मिश्रा की अध्यक्षता वाली इस समिति का गठन त्योहार के लिए पूजा स्थलों की समीक्षा और उन्हें अंतिम रूप देने के लिए किया गया है। साथ ही यह समिति नागरिक सुविधाओं, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, बिजली, चिकित्सा सुविधाओं और अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं में समन्वय भी करेगी।

दिल्ली के कला और संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा इस छठ पूजा समिति के प्रमुख हैं। समिति के सदस्यों में विधायक अभय कुमार वर्मा, चंदन कुमार चौधरी, संदीप सहरावत और दीपक चौधरी के साथ-साथ समाजसेवी संतोष ओझा शामिल हैं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अन्य त्योहारों की तरह, छठ पूजा भी आस्था का एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो दिल्ली की सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ त्योहार मना सकें और उन्हें पर्याप्त सुविधाएं, सुरक्षा, साफ-सफाई और एक सुव्यवस्थित माहौल मिल सके।

पति के अवैध संबंधों से परेशान विवाहिता ने जहरीली दवाई पीकर खुदकुशी की

- पुलिस ने मृतका की मां के बयान पर पति सहित तीन लोगों पर दर्ज किया मामला

डेली आवाज भारती



गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने बीते दिन अपने पति के अवैध संबंधों से परेशान होकर जहीरी दवाई पीकर खुदकुशी करने वाली विवाहिता के मामलें में उसकी मां के बयान पर दोषी पति सहित तीन लोगों के खिलाफ खुदकुशी करने की विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई गुरदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता स्वर्णा रानी पत्नी रमनजीत सिंह वासी गांव फतेहगढ़ ने बताया कि उसकी बेटी परमजीत कौर का विवाह गुरप्रीत सिंह पुत्र गुरमुख सिंह वासी बस्ती बोहड़ीयां के साथ हुआ था और गुरप्रीत सिंह के मनजीत कौर के साथ अवैध संबंधी थी, जिसके चलते परमजीत कौर उसे अकसर मना करती थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि बीते दिन 18 अक्तूबर को दोषी गुरप्रीत सिंह पुत्र गुरमुख सिंह, महिन्द्र सिंह पुत्र बलवंत सिंह व मनजीत कौर पत्नी महिन्द्र सिंह वासी बस्ती बोहड़ीयां ने उसकी बेटी के साथ झगड़ा किया, जिससे परेशान होकर उसकी बेटी परमजीत कौर ने जहीरी दवाई निगल ली थी और उसकी मौत हो गई। मामले की जांच कर रहे गुरदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में गुरप्रीत, महिन्द्र सिंह व मनजीत कौर पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

गुरबेज सिंह टिब्बी पंजाब प्रदेश ओबीसी कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर)- पंजाब प्रदेश ओबीसी कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में गुरभेज सिंह टिब्बी की नियुक्ति पर जिला कांग्रेस कमेटी फिरोजपुर के अध्यक्ष कुलबीर सिंह जीरा, रमिंदर सिंह आवला, परमिंदर सिंह पिंकी, आशु बांगर सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने उन्हें मुबारकबाद दी है। इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि गुरभेज सिंह टिब्बी की नियुक्ति से पंजाब में कांग्रेस पार्टी को ओर मजबूती मिलेगी और ओबीसी वर्ग के हकों व हितों की आवाज को और बुलंद किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेसी नेताओं ने विश्वास जताया कि पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं की एकजुटता, मेहनत और लोक-हितैषी नीतियों के कारण कांग्रेस पंजाब में और मजबूत होगी और आने वाले समय में पूरी मजबूती से अपनी सरकार बनाएगी। उन्होंने गुरभेज सिंह टिब्बी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे पार्टी की मजबूती और पंजाब के लोगों की सेवा के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।

अमृतसर में दिनदहाड़े सनसनीखेज वारदात: घर के बाहर खड़े 28 वर्षीय युवक अमित सभरवाल की गोली मारकर हत्या

डेली आवाज भारती




अमृतसर (सलोनी नेहा गिल)में कानून-व्यवस्था पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं जब थाना गेट हकीमा के अंतर्गत आने वाले इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहाँ दिनदहाड़े 28 वर्षीय युवक अमित सभरवाल की गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस जघन्य हत्याकांड के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मृतक की माता और पिता ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि उनका बेटा अमित सभरवाल घर के बाहर ही अपनी कॉलोनी में खड़ा था। उसी दौरान आरोपी (अभि शाह और अन्य) वहां अपनी एक्टिवा पर आए। आरोपियों ने अमित को अपनी एक्टिवा साइड पर करने और रास्ता छोड़ने के लिए कहा। परिवार के अनुसार, अमित ने तुरंत उनकी बात मानते हुए अपनी एक्टिवा साइड पर करने की कोशिश की और कोई बड़ी रंजिश या पुरानी दुश्मनी नहीं थी। इसके बावजूद आरोपियों ने मामूली सी बात का बतंगड़ बनाते हुए अचानक आपा खो दिया। पीड़ित परिवार ने रोते हुए बताया कि आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से या आवेश में आकर अमित पर दनादन गोलियां चलानी शुरू कर दीं।

पुलिस प्रशासन की कार्रवाई और बयान

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आई। थाना गेट हकीमा के पुलिस अधिकारी बलजिंदर सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को 24 अक्टूबर की रात को इस सनसनीखेज वारदात की सूचना मिली थी। अधिकारी बलजिंदर सिंह ने बताया कि मृतक अमित सभरवाल के पिता सुनील कुमार सभरवाल के बयानों के आधार पर मुख्य आरोपियों—अभि शाह, सनी शाह और दिती शाह के खिलाफ हत्या और अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपियों ने एक्टिवा हटाने को लेकर हुए विवाद के चलते इस वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों द्वारा इस्तेमाल की गई पिस्तौल से 5 से 6 राउंड फायर किए जाने की पुष्टि हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि घटना से जुड़े हर पहलू को स्पष्ट किया जा सके।

एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स ने करोड़ों की 15 किलो हेरोइन सहित 2 तस्करों को गिरफ्तार किया



एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स की तरफ से हेरोइन के साथ पकड़े गए तस्करों के साथ पुलिस अधिकारी व कर्मचारी।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): नशे को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार और पुलिस की तरफ से चलाई मुहिम तहत बीती देर रात फिरोजपुर में एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो नशा तस्करों को गिरफ्तार गिरफ्तार किया है। मालूम हो कि पुलिस ने उक्त गिरफ्तार किए तस्करों से 30 पैकेट करीब 15 किलो हेरोइन बरामद की है और जिसकी अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में करोड़ों की कीमत है। इसके अलावा एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स की टीम ने तस्करों को गोलूका मोड़ के पास कार्रवाई करते हुए काबू किया है। जानकारी देते हुए एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स के अधिकारियों ने बताया कि उनकी तरफ से नशा तस्करों को जड़ से खत्म करने के लिए पहले भी हेरोइन और अन्य नशीले पदार्थों की बड़ी खेप बरामद की जा चुकी है और तस्करों के खिलाफ यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। फिलहाल पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और मामले की आगे की जांच जारी है।

एसईएम कोर्ट पहुंचीं आइसा प्रमुख नेहा बोरा, दिल्ली पुलिस ने सौंपे नोटिस से जुड़े दस्तावेज

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की अध्यक्ष नेहा बोरा शनिवार को मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन से संबंधित स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट (एसईएम) कोर्ट पहुंचीं। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने उन दस्तावेजों की प्रतियां उन्हें सौंप दीं, जिनके आधार पर शांति भंग की आशंका के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। एसईएम कोर्ट ने नेहा बोरा को पहले नोटिस जारी कर पूछा था कि उन्हें शांति बनाए रखने के लिए व्यक्तिगत बॉन्ड भरने का निर्देश क्यों न दिया जाए। यह कार्रवाई भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के प्रावधानों के तहत शुरू की गई है। सुनवाई के दौरान अदालत में नोटिस से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराए गए। मामले की अगली सुनवाई 28 अक्टूबर को निर्धारित की गई है। इसी दिन नेहा बोरा को नोटिस का औपचारिक जवाब भी दाखिल करना होगा।

यह मामला 16 अक्टूबर को दिल्ली में प्रस्तावित %तिरंगा असेंबली% प्रदर्शन से जुड़ा है। उस दिन सुरक्षा व्यवस्था कड़ी किए जाने के दौरान दिल्ली पुलिस ने नेहा बोरा समेत कई लोगों को हिरासत में लिया था। प्रदर्शन को नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) से अनुमति नहीं मिली थी। इसके बाद 17 अक्टूबर को एसईएम ने नेहा बोरा को नोटिस जारी कर 10 हजार रुपए के निजी बॉन्ड और एक जमानतदार के साथ शांति बनाए रखने संबंधी कार्रवाई शुरू की थी। नेहा बोरा ने इस नोटिस को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, हालांकि 23 अक्टूबर को हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी। अदालत ने साथ ही निर्देश दिया था कि कार्यवाही में जिन दस्तावेजों का आधार बनाया गया है, वे नेहा बोरा को उपलब्ध कराए जाएं। हाईकोर्ट ने एसईएम को भी निर्देश दिया था कि मामले में कोई अंतिम आदेश पारित करने से पहले सभी तथ्यों और उपलब्ध सामग्री पर सावधानीपूर्वक विचार किया जाए। इस मामले की अगली सुनवाई 28 अक्टूबर को होने वाली है और इसी दिन नेहा बोरा को अपना जवाब भी दाखिल करना है।

हाईकोर्ट में नयागांव के लोगों का पक्ष रखेगी वकीलों की विशेष टीम: एडवोकेट एन.के. वर्मा

डेली आवाज भारती

16 गांवों में रजिस्ट्रियों पर रोक से आम जनता परेशान, प्रॉपर्टी कारोबार प्रभावित; बबल कौशिश, स्थानीय निवासियों और प्रॉपर्टी डीलरों के साथ हुई एडवोकेट एन के वर्मा की अहम बैठक



नयागांव (हरतेज सिंह तेजी) नयागांव सहित क्षेत्र के 16 गांवों में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के बाद जमीन की रजिस्ट्रियों और संपत्ति संबंधी कार्यों पर पड़ रहे प्रभाव को देखते हुए भाजपा लीगल सेल, पंजाब के इंचार्ज एडवोकेट एन.के. वर्मा ने प्रभावित लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए पहल की है। उन्होंने नयागांव नगर कमेटी के प्रधान बबल कौशिश, स्थानीय निवासियों और प्रॉपर्टी डीलरों के साथ अहम बैठक कर स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। एडवोकेट एन.के. वर्मा ने अपनी लीगल टीम से विचार-विमर्श के बाद वकीलों की एक विशेष टीम गठित की है, जो मामले के कानूनी पहलुओं का अध्ययन कर हाईकोर्ट में नयागांव के लोगों का पक्ष रखने की तैयारी करेगी। बैठक में लोगों ने बताया कि रजिस्ट्रियों पर रोक के कारण जमीन-मकान की खरीद-फरोख्त प्रभावित हो रही है। पावर ऑफ अटॉर्नी के माध्यम से संपत्ति खरीदने वालों की नियमित रजिस्ट्रियां नहीं हो पा रहीं, जबकि पहले से रजिस्टर्ड संपत्तियों के इंतकाल, भवन निर्माण के नक्शे पास करवाने और अन्य कार्यों में भी दिक्कतें आ रही हैं। इससे आम लोगों की पूंजी फंसने के साथ प्रॉपर्टी कारोबार भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। एडवोकेट वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और न्यायालय के आदेशों का सम्मान करते हुए प्रभावित नागरिकों की वास्तविक समस्याओं तथा वैधानिक अधिकारों को उचित कानूनी मंच पर उठाया जाएगा, ताकि कानून के दायरे में समाधान का रास्ता निकाला जा सके। उन्होंने बताया कि नयागांव के लोगों के साथ उनका लगभग दो दशक पुराना जुड़ाव है। करीब 20 वर्ष पहले दुकानों को गिराने की कार्रवाई के दौरान उन्होंने अदालत से स्थगन आदेश प्राप्त करने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी थी। वर्ष 2003-04 में बिजली-पानी के कनेक्शनों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए भी उन्होंने हाईकोर्ट का सहारा लिया था। एडवोकेट वर्मा ने कहा कि खरड़ विधानसभा क्षेत्र में जमीन-रजिस्ट्रियों, बिजली-पानी, भवन निर्माण और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का स्थायी समाधान जरूरी है। उन्होंने कहा, ÷यदि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व मुझे खरड़ विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनने का अवसर देता है, तो मैं पूरी प्रतिबद्धता से काम करते हुए क्षेत्र को पंजाब के सबसे विकसित क्षेत्रों में शामिल करवाने का प्रयास करूंगा।÷ उन्होंने विश्वास जताया कि वकीलों की विशेष टीम के माध्यम से प्रभावित लोगों की समस्याओं को हाईकोर्ट के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर उन्हें राहत दिलाने के लिए सार्थक प्रयास किए जाएंगे।

CMYK

page 3_Layout 1 24-10-2026 21:45 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ⟫ रविवार, 25 अक्तूबर 2026

पंजाब राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य ने किया जीरा का दौरा

■ जितेंद्र सिंह शंटी द्वारा प्रशासन, सामाजिक संगठनों, सरपंचों, नशा विरोधी आदि के साथ मानवाधिकारों पर बैठक

जन कल्याण भवन जीरा में लोगों की समस्याएं सुनी गईं, मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए गए निर्देश

डेली आवाज भारती





जीरा में पंजाब राज्य और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के मानवाधिकार आयोग के सदस्य जतिन्द्र सिंह शंटी लोगों की समस्याएं सुनते हुए और कैंप में उपस्थित लोग।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब राज्य और चंडीगढ़ मानवाधिकार आयोग, मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध और निरंतर कार्यरत है। आयोग पंजाब के प्रत्येक जिले में एन.जी.ओ, वरिष्ठ नागरिकों, वकीलों, डॉक्टरों, छात्रों, व्यापारियों, संस्थानों के नेताओं आदि से विशेष रूप से मिलकर उन्हें मानवाधिकारों के बारे में जागरूक कर रहा है। यह विचार पंजाब राज्य और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के मानवाधिकार आयोग के सदस्य जतिन्द्र सिंह शंटी (पद्म श्री पुरस्कार विजेता) ने शनिवार को जन कल्याण भवन जीरा में एक जन सुनवाई के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब के विभिन्न जिलों के दौरे की कड़ी में आज उन्हें शहीदों की धरती फिरोजपुर के उप-मंडल जीरा में पहुंचने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि मानवाधिकार आयोग मनुष्यों के अधिकारों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि मानवाधिकारों की रक्षा को मजबूत करने के लिए नई सलाह जारी की गई हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी अस्पताल किसी भी मरीज या मृत शरीर को बंधक बनाकर नहीं रख सकता, यदि ऐसा करता है तो उस पर एफ.आई.आर. दर्ज की जाएगी और सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर अस्पताल में मुर्दाघर, एम्बुलेंस का होना बहुत जरूरी है। जन सुनवाई के दौरान उनके द्वारा पुलिस, डीडीपीओ, स्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद आदि सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं सुनी गई और इन समस्याओं के योग्य समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर निर्देश भी दिए गए। जतिन्द्र सिंह शंटी ने बताया कि पंजाब मानवाधिकार आयोग (पी.एच.आर.सी) द्वारा पंजाब के हर जिले में कोर ग्रुप तैयार किया गया है, जो मानवाधिकारों के उल्लंघन पर निगरानी रखने के साथ-साथ जिला स्तर पर छोटी शिकायतों के निपटारे में जिला प्रशासन और आयोग की सहायता करेगा। इनमें मानवाधिकार कार्यकर्ता, वकील और अन्य विशेषज्ञ शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह कोर ग्रुप उन लोगों की समस्याओं को हल करने में बड़े पैमाने पर सहायक होगा जो किसी मजबूरी के कारण चंडीगढ़ में आयोग तक नहीं पहुंच सकते। उन्होंने मानवाधिकारों के उल्लंघन संबंधी शिकायतें दर्ज करने के लिए व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 98554-75547 जारी करने के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस हेल्पलाइन नंबर पर कोई भी व्यक्ति मानवाधिकारों के उल्लंघन के बारे में 24 घंटे शिकायत कर सकता है। स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित मानवाधिकारों के बारे में बात करते हुए जतिन्द्र सिंह शंटी ने स्पष्ट किया कि किसी भी अस्पताल द्वारा इलाज की फीस बकाया होने के आधार पर मृतक के शव को परिवार को देने से इनकार नहीं किया जा सकता, जो राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देशों के विपरीत है और इस संबंध में आदेश भी जारी हो चुके हैं। उन्होंने आदेशों की प्रति मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मौके पर दी और निर्देश दिया कि जिले के सभी अस्पतालों में इस संबंध में पोस्टर लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई अस्पताल उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जा रही है। जतिन्द्र सिंह शंटी ने कहा कि पहले मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघनों पर भी अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता था, लेकिन मानवाधिकार आयोगों के गठन से जवाबदेही मजबूत हुई है। उन्होंने बताया कि स्थानीय स्तर पर लोगों की शिकायतों को अनदेखा करना या आवासीय सोसायटियों द्वारा लोगों से किए वादे पूरे न करना भी मानवाधिकारों का उल्लंघन है और ऐसे मामलों में आयोग द्वारा स्वयं संज्ञान लिया जाएगा। इस अवसर पर उनके द्वारा जिले की सभी सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवकों, नशा विरोधी और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान लोगों की सहायता करने और समाज सेवा के काम करने वालों की सराहना की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डा.अमनदीप कौर, एसडीएम जीरा सूरज, राज्य कोर कमेटी सदस्य भोला सिंह विर्क, एस.पी (एच)बलजीत सिंह, तहसीलदार जीरा विनोद कुमार, नायब तहसीलदार मक्खू परमपाल सिंह, कोर ग्रुप सदस्य गुरनाम सिद्धू, नरेंद्र सिंह केसर, अमरजीत कौर छाबड़ा, बाबा सतनाम सिंह वलियों, गुरनूर बराड़, अमन मोंगा, रमनदीप

कारगिल युद्ध में शहीद हुए सरताज सिंह की 25वीं बरसी मनाई गई



डेली आवाज भारती

अमृतसर (सलोनी नेहा गिल) कारगिल युद्ध में शहीद हुए सरताज सिंह की 25वीं बरसी उनके पैतृक गांव सफीपुर में मनाई गई। अमृतसर के डॉ. अंग्रेज सिंह ने वार्ड नंबर 35 से मीडिया से बात करते हुए कहा कि उन्हें कारगिल में शहीद हुए शहीदों की कुर्बानी पर गर्व है। उन्होंने देश के लिए अपनी जान कुर्बान की है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान शहीद हुए सरताज सिंह की शहादत को हर साल बड़े गर्व के साथ मनाया जाता है। देश की सेवा करना बहुत मुश्किल है, लेकिन बोलना बहुत आसान है। जो लोग देश की सेवा के लिए आगे आए हैं, उन्होंने अनगिनत मुश्किलों का सामना किया है। दलजीत सिंह सुपरिंटेंडेंट (भाई), दिलबाग सिंह सरपंच (भाई), मलकीत सिंह और शहर के सभी निवासी वहां मौजूद थे।

अमृतसर में ड्रग तस्करों की प्रॉपर्टी पर छापा मारा

40 से 50 लाख रुपये की प्रॉपर्टी का अवैध हिस्सा गिराया, पति-पत्नी और मलकीत सिंह के खिलाफ कई क्रिमिनल केस दर्ज

डेली आवाज भारती





अमृतसर। पंजाब सरकार द्वारा चलाए जा रहे राज्य भर में 'ड्रग्स के खिलाफ जंग' कैंपेन के तहत, अमृतसर पुलिस कमिश्नरेट ड्रग तस्करी के मामलों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। पुलिस कमिश्नर श्री हरमनप्रीत सिंह गिल के निर्देशों पर, अमृतसर पुलिस और नगर निगम की एक टीम ने मिलकर ड्रग तस्करी के मामलों में शामिल एक कपल की प्रॉपर्टी पर बने अवैध कंस्ट्रक्शन को गिरा दिया। इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए, डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (DCP) रविंदर पाल सिंह संधू ने कहा कि पुलिस ड्रग तस्करी और दूसरे गैर-कानूनी कामों में शामिल लोगों के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई कर रही है। DCP रविंदर पाल सिंह संधू ने कहा कि जिस प्रॉपर्टी पर गिराने की कार्रवाई की गई है, वह प्रीति नाम की एक महिला और उसके पति मलकीत सिंह की है। पुलिस के मुताबिक, प्रीति के खिलाफ 2016 से अब तक NDPS एक्ट के तहत छह केस दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि मलकीत सिंह के खिलाफ करीब आठ क्रिमिनल केस दर्ज हैं, जिनमें मर्डर और मर्डर की कोशिश, NDPS एक्ट का उल्लंघन और जेल नियमों से जुड़ी धाराएं शामिल हैं। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, मलकीत सिंह को दो केस में दोषी भी ठहराया जा चुका है। पुलिस का कहना है कि दोनों लंबे समय से इलाके में ड्रग ट्रैफिकिंग और दूसरे गैर-कानूनी कामों में शामिल रहे हैं। ष्ठष्टक संधू ने बताया कि नगर निगम प्रशासन ने गैर-कानूनी कंस्ट्रक्शन को लेकर आरोपियों को कानूनी नोटिस जारी किया था। करीब एक महीने पहले नोटिस देने के बावजूद कोई संतोषजनक जवाब न मिलने पर नगर निगम ने कानूनी प्रक्रिया के तहत पुलिस सहायता और ड्यूटी मजिस्ट्रेट की तैनाती की मांग की थी। इसके बाद ADCP सिटी-2, ACP नॉर्थ गगनदीप सिंह और संबंधित थाने के साह समेत भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में प्रॉपर्टी के गैर-कानूनी हिस्से को गिरा दिया गया। इस प्रॉपर्टी की अनुमानित मार्केट वैल्यू 40 से 50 लाख रुपये बताई जा रही है। इस साल 1,638 केस दर्ज, 2,615 आरोपी गिरफ्तार ड्रग्स के खिलाफ चलाए जा रहे कैंपेन के आंकड़े शेयर करते हुए ष्ठष्टक संधू ने बताया कि इस साल अब तक ड्रग ट्रैफिकिंग से जुड़े कुल 1,638 केस दर्ज किए गए हैं। इन केस में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 2,615 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके मुताबिक, पुलिस ने अलग-अलग ऑपरेशन के दौरान अब तक करीब 154 द्यद्द हेरोइन भी बरामद की है।

हर दिल अजीज और हर वर्ग की पहली पसंद बने शेरी कलसी

बटाला की नुहार बदलने के लिए लगातार किए जा रहे प्रयास: अनु बाला

डेली आवाज भारती



बटाला – अमनदीप संधू। बटाला विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देने वाले विधायक शेरी कलसी आज हर वर्ग के लोगों के बीच अपनी विशेष पहचान बना रहे हैं। बटाला विधानसभा क्षेत्र के पिछले 75 वर्षों के इतिहास में विकास को लेकर किए जा रहे प्रयासों को नई दिशा देने की बात करते हुए वार्ड नंबर 19 की पार्षद अनु बाला ने कहा कि शेरी कलसी की कार्यशैली और लोगों के साथ उनका जुड़ाव उन्हें एक अलग पहचान दिलाता है। अनु बाला ने कहा कि विधायक शेरी कलसी का उद्देश्य बटाला की नुहार बदलना और इसे एक आधुनिक एवं विकसित शहर के रूप में स्थापित करना है। इसके लिए शहर में विभिन्न विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शेरी कलसी ने लोगों की समस्याओं को समझते हुए उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास किए हैं। यही कारण है कि आज बड़ी संख्या में लोग उनके साथ जुड़ रहे हैं और उनके कार्यों की सराहना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शेरी कलसी लोगों के सीधे संपर्क में रहकर उनकी समस्याएं सुनते हैं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ तालमेल स्थापित करते हैं। उनका मानना है कि लोगों की सेवा करना ही राजनीति का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। इसी सोच के साथ वे बटाला विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। अनु बाला ने कहा कि बटाला एक ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाला शहर है, जिसकी तरक्की और सुंदरता को बढ़ाना समय की जरूरत है। शहर के विकास के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना तथा सड़कों, गलियों और अन्य सार्वजनिक स्थानों की स्थिति में सुधार करना भी आवश्यक है। इन कार्यों से लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा और बटाला की एक नई पहचान बनेगी। उन्होंने कहा कि शेरी कलसी का प्रयास है कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। शहर के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

जीवीटी सोसाइटी में लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, 100 से अधिक मरीजों की हुई जांच



डेली आवाज भारती

ज़ीरकपुर:तरनप्रीत सिंह गिल : ढकोली स्थित ग्रीन वैली टावर सोसाइटी (जीवीटी) में पार्क अस्पताल और श्री राम ग्रुप के विशेष सहयोग से एक विशाल निःशुल्क मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप के दौरान क्षेत्र के लगभग 100 से अधिक मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिए गए। कैंप के दौरान पहुंचे मरीजों के लिए निःशुल्क ईसीजी , ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच के अलावा जनरल फिजिशियन, नेत्र रोग विशेषज्ञ और हड्डी रोग विशेषज्ञ (ऑर्थोपेडिशियन) डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध कराई गई। पार्क अस्पताल की ओर से डॉ. रुचि, डॉ. वर्षा और डॉ. महिपाल ने मरीजों की जांच की और उन्हें सही खान-पान, बेहतर रहन-सहन और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पार्क अस्पताल के प्रतिनिधि प्रवीण ने भविष्य में भी ट्राई-सिटी क्षेत्र में ऐसे समाज कल्याणकारी कैंप लगातार आयोजित करने की सहमति जताई।

97 लाख रुपये की लागत से बनने वाली लिंक सड़क का निर्माण कार्य शुरू: विधायक रंधावा

■ पीरमुछल्ला के डी-मार्ट से गुरजीवन विहार तक सुचारू होगी आवाजाही, लोगों को जाम से मिलेगी राहत

डेली आवाज भारती



ज़ीरकपुर:तर्नप्रीत सिंह गिल : विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने शनिवार को ज़ीरकपुर के पीरमुछल्ला क्षेत्र में बड़े विकास कार्य का उद्घाटन करते हुए पीरमुछल्ला स्थित डी-मार्ट से गुरजीवन विहार, ढकोली तक लगभग 97 लाख रुपये की लागत से बनने वाली नई लिंक सड़क के निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत करवाई। नगर कार्उंसिल ज़ीरकपुर द्वारा करवाए जा रहे इस विकास कार्य से क्षेत्रवासियों को दैनिक आवाजाही में बड़ी राहत मिलेगी और दोनों प्रमुख क्षेत्रों के बीच संपर्क भी अधिक सुचारू होगा। इलाके का सर्वांगीण विकास और बुनियादी ढांचा मजबूत करना प्राथमिकता इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और लोगों को बेहतर शहरी सुविधाएं प्रदान करना उनकी मुख्य प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़कों का उचित और मजबूत निर्माण शहरी क्षेत्रों में तंग रास्तों और ट्रैफिक जाम की समस्या को हल करता है, जिससे लोगों का दैनिक जीवन आसान बनता है। उन्होंने कहा कि इस नई लिंक सड़क के बनने से पीरमुछल्ला और गुरजीवन विहार, ढकोली के हजारों निवासियों को आवागमन के लिए एक बेहतर और निर्बाध रास्ता मिलेगा।

जिले की मंडियों में धान की खरीद, लिफ्टिंग और भुगतान का काम निरंतर जारी : डिप्टी कमिश्नर

■ खरीद एजेंसियों ने 501642 मीट्रिक टन धान खरीदा, 1017.36 करोड़ का हुआ भुगतान

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिले की मंडियों में धान की खरीद, लिफ्टिंग और भुगतान का काम निरंतर जारी है। उपायुक्त दीशिखा शर्मा ने बताया कि बीती शाम तक जिले की मंडियों में कुल 509178 मीट्रिक टन धान की आमद हुई और विभिन्न सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा 501642 मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। उन्होंने बताया कि धान की लिफ्टिंग के काम में भी तेजी लाई गई है। उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा लाई गई फसल की खरीद के बदले उन्हें करीब 1017.36 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। उपायुक्त ने बताया कि बीती शाम तक हुई खरीद के आंकड़ों के मुताबिक विभिन्न एजेंसियों जिनमें पनग्रेन ने 182085 मीट्रिक टन, मार्कफेड ने 122887 मीट्रिक टन, पनसप ने 128286 मीट्रिक टन और पंजाब राज्य गोदाम निगम ने 62303 मीट्रिक टन और प्राइवेट व्यापारियों ने 6081 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। उन्होंने बताया कि खरीदे गए धान में से 264217 मीट्रिक टन धान की लिफ्टिंग की जा चुकी है और लिफ्टिंग के काम में और तेजी लाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वह फसलों की अवशेषों को आग न लगाएं क्योंकि ऐसा करने से जहां पर्यावरण प्रदूषित होता है।

अंकशास्त्र व वास्तु विशेषज्ञ अश्विनी कुमार कोहली को मिली मानद डॉक्टरेट की उपाधि

ज़ीरकपुर: तरनप्रीत सिंह गिल : अंकशास्त्र और वास्तु के क्षेत्र में लंबे समय से उल्लेखनीय और सराहनीय सेवाएं प्रदान कर रहे इंजीनियर अश्विनी कुमार कोहली को नई दिल्ली में आयोजित एक प्रभावशाली समारोह के दौरान %ऑनरेरी डॉक्टरेट इन ऑकल्ट साइंसेज% की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें %आइकॉनिक ह्यूमन राइट्स एंड एजुकेशनल ऑर्गेनाइजेशन% द्वारा आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह के दौरान प्रदान किया गया। यह मानद डॉक्टरेट की उपाधि अश्विनी कुमार कोहली को अंकशास्त्र, वास्तु और ऑकल्ट साइंसेज के क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक योगदान और लोक कल्याण के लिए किए गए निरंतर प्रयासों की भरपूर सराहना करते हुए प्रदान की गई है।

जालंधर में पटाखा मार्केट पर कोर्ट की रोक! राओवाली में नहीं लगेगी मार्केट?

■ लोगों ने इस मामले को लेकर डिप्टी कमिश्नर को ज्ञापन भी सौंपा था
■ पठानकोट रोड पर मार्केट में ट्रैफिक जाम की समस्या बन सकती
■ हल नहीं मिलने पर गांववासियों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया

सरपंच व पेट्रोल पंप संचालकों की ओर से विरोध किया जा रहा था

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः दिवाली से पहले जालंधर में पटाखा मार्केट लगाने को लेकर विवाद गहरा गया है। इस बार प्रशासन की ओर से पठानकोट रोड स्थित गांव राओवाली में पटाखा मार्केट लगाने के लिए जगह आवंटित की गई थी। हालांकि, सरपंच और पेट्रोल पंप संचालकों की ओर से इसका विरोध किया जा रहा था। मामले को लेकर गांववासियों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया और प्रस्तावित जगह पर पटाखा मार्केट लगाने पर रोक लगाने की मांग की। गांववासियों ने इस मामले को लेकर डिप्टी कमिश्नर को ज्ञापन भी सौंपा था। लेकिन कोई समाधान नहीं निकलने पर उन्होंने अदालत का रुख किया। अदालत ने पटाखा मार्केट लगाने पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है और संबंधित जगह पर मार्केट लगाने को अवैध करार दिया है। सरपंच जसबीर सिंह राणा ने बताया कि उन्हें खबर प्रकाशित होने के बाद पता चला कि उक्त जगह पर पटाखा मार्केट लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि गांववासियों को पहले इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी थी। अगर उन्हें समय रहते जानकारी मिल जाती, तो वे पहले ही विरोध दर्ज करवा सकते थे।

किसी बड़े हादसे का पैदा हो सकता खतरा

सरपंच और गांववासियों का कहना है कि प्रशासन की ओर से जिस जगह को पटाखा मार्केट के लिए आवंटित किया गया था, उसके आसपास दो पेट्रोल पंप मौजूद हैं। ऐसे में पटाखा मार्केट लगने से किसी बड़े हादसे का खतरा पैदा हो सकता है। इसके अलावा, मार्केट लगने से पठानकोट रोड पर ट्रैफिक जाम की समस्या भी बढ़ सकती है, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

page 4_Layout 1 24-10-2026 21:56 Page 1

बटाला पुलिस की नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, कासो ऑपरेशन के तहत 50 व्यक्ति राउंडअप, 15 एनडीपीएस एक्ट के मामलों में गिरफ्तार

एसएसपी डॉ. महताब सिंह के नेतृत्व में बटाला, फतेहगढ़ चूड़ियां, डेरा बाबा नानक, कादियां और श्री हरगोबिंदपुर साहिब में चलाया गया व्यापक सर्च अभियान

करीब 200 पुलिस कर्मचारियों ने लिया अभियान में हिस्सा, नशीले पदार्थ बरामद; नशा तस्करों के खिलाफ आगे भी जारी रहेगी सख्त कार्रवाई : एसएसपी डॉ. महताब सिंह

डेली आवाज भारती

बटाला, : अमनदीप संधू। पंजाब सरकार और पंजाब पुलिस द्वारा प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही मुहिम के तहत बटाला पुलिस ने एसएसपी बटाला डॉ. महताब सिंह के नेतृत्व में पुलिस जिला बटाला के विभिन्न क्षेत्रों में कासो (ट्रस्ह्) ऑपरेशन के तहत व्यापक सर्च अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस द्वारा करीब 50 व्यक्तियों को राउंडअप किया गया, जिनमें से 15 व्यक्तियों को एनडीपीएस एक्ट के मामलों में गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान पुलिस द्वारा कुछ नशीले पदार्थ भी बरामद किए गए हैं।

यह अभियान नशा तस्करी पर रोक लगाने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस संबंध में गांधी चौक, बटाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसएसपी बटाला डॉ. महताब सिंह ने बताया कि डीजीपी पंजाब गौरव यादव और आईजी बॉर्डर रेंज गुरप्रीत सिंह भुल्लर के दिशा-निर्देशों के अनुसार बटाला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का मुख्य उद्देश्य नशे के अवैध कारोबार में शामिल व्यक्तियों को कानून के दायरे में लाना, नशे की सप्लाई चेन को तोड़ना और युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना है।



एसएसपी डॉ. महताब सिंह ने कहा कि नशा एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जिसका प्रभाव केवल किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इससे परिवारों, युवा पीढ़ी और पूरे समाज को नुकसान पहुंचता है। इसलिए बटाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे के अवैध कारोबार में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी और ऐसी गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी मुहिम के तहत आज सुबह से ही पुलिस जिला बटाला के विभिन्न क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से सर्च अभियान चलाया गया। इसमें बटाला, फतेहगढ़ चूड़ियां, डेरा बाबा नानक, कादियां और श्री हरगोबिंदपुर साहिब सहित विभिन्न क्षेत्रों को शामिल किया गया। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की अलग-अलग टीमें तैनात की गई, जिन्होंने अपने निर्धारित क्षेत्रों में जांच और तलाशी की कार्रवाई की। एसएसपी ने बताया कि इस व्यापक ऑपरेशन में एक एसपी, छह डीएसपी और संबंधित क्षेत्रों के एसएचओ सहित करीब 200 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में चलाए गए इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की और नशा तस्करी से संबंधित गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियानों का उद्देश्य अपराधियों में कानून का डर पैदा करना और आम लोगों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध करवाना है। डॉ. महताब सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि कासो ऑपरेशन के दौरान करीब 50 व्यक्तियों को राउंडअप किया गया, जिनमें से 15 व्यक्तियों को एनडीपीएस एक्ट के मामलों में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के पास से कुछ नशीले पदार्थ भी बरामद हुए हैं। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी से संबंधित मामलों में पुलिस द्वारा कानूनी प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। ऐसे अभियानों के माध्यम से पुलिस नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।



उन्होंने कहा कि बटाला पुलिस की कार्रवाई केवल छापेमारी और गिरफ्तारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना और इस मुहिम से जोड़ना भी मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए पुलिस अधिकारियों द्वारा शहरों और गांवों में आम लोगों के साथ बैठकें की जा रही हैं। इन बैठकों के दौरान लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ नशा तस्करी से संबंधित जानकारी पुलिस तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। एसएसपी ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में पुलिस के साथ-साथ समाज की भागीदारी भी बेहद जरूरी है। यदि गांवों और शहरों के लोग एकजुट होकर नशे के कारोबार के खिलाफ आवाज उठाएं और पुलिस प्रशासन को सही जानकारी उपलब्ध करवाएं, तो इस समस्या पर और अधिक प्रभावी ढंग से नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे नशा तस्करी या किसी भी संदिग्ध गतिविधि के बारे में पुलिस को जानकारी दें और पंजाब को नशा मुक्त बनाने की मुहिम में अपना योगदान दें। उन्होंने दोहराया कि बटाला पुलिस कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर नियंत्रण पाने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नशा तस्करों के खिलाफ समय-समय पर कासो ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं और भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। पुलिस द्वारा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के साथ-साथ कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी डॉ. महताब सिंह ने कहा कि बटाला पुलिस का लक्ष्य शहरों और गांवों को सुरक्षित तथा नशा मुक्त वातावरण उपलब्ध करवाना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पुलिस की निरंतर कार्रवाई और लोगों के सहयोग से नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी। इस मौके पर एसपी नवजोत सिंह, डीएसपी तेजिंदरपाल सिंह गोराया, एसएचओ सिविल लाइन लखविंदर सिंह, एसएचओ सिटी गुरइकबाल सिंह, ट्रैफिक इंचार्ज हरजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

बटाला पुलिस का संदेश

नशा तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पुलिस प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे नशे के खिलाफ इस मुहिम में सहयोग दें, ताकि युवाओं का भविष्य सुरक्षित बनाया जा सके और समाज को नशे की बुराई से मुक्त करने के प्रयासों को और मजबूती मिल सके।

वरिष्ठ नागरिक परिषद रूपनगर ने मनाया अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस

बुजुर्गों के अनुभव, ज्ञान और जीवन-मूल्य युवा पीढ़ी के लिए अनमोल पूंजी: एसडीएम जसप्रीत सिंह

डेली आवाज भारती

रूपनगर, (गुरप्रीत, डेली आवाज भारती)। वरिष्ठ नागरिक परिषद (रजि.) रूपनगर की ओर से अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस सरकारी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल, रूपनगर में उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। समारोह की शुरुआत स्कूल की छात्राओं द्वारा शब्द गायन से हुई। इसके बाद परिषद के दिवंगत वित्त सचिव सुरेश चंद्र और सदस्य श्याम सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। परिषद के प्रधान सुरिंदर सिंह तोगड़ ने मुख्य अतिथि एसडीएम जसप्रीत सिंह तथा विशेष अतिथियों तहसीलदार रूपनगर सुरिंदर पन्नू, नगर काउंसिल प्रधान इंदरपाल सिंह राजू सत्याल, मार्केट कमेटी चेयरमैन भाग सिंह मदान, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट चेयरमैन शिव कुमार लालपुरा, जिला लोक संपर्क अधिकारी करण मेहता और भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक अमनदीप सैनी का बुके और स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि एसडीएम जसप्रीत सिंह ने अपने कार्यालय के अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनके पास आने वाले पारिवारिक मामलों में लगभग 30 प्रतिशत मामले बुजुर्गों से संबंधित होते हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से कई समस्याओं का समाधान परिवार के सदस्य आपस में बैठकर बातचीत करने से कर सकते हैं। उन्होंने युवा पीढ़ी से अपील की कि बच्चों और बुजुर्गों के बीच बढ़ती दूरी को कम करने के लिए बुजुर्गों के साथ समय बिताएं, उनकी बातें सुनें और उन्हें सहयोग दें। उन्होंने समारोह के सफल आयोजन के लिए परिषद और प्रधान को बधाई दी। जिला लोक संपर्क अधिकारी करण मेहता ने स्वास्थ्य मार्गदर्शक अनुराग ऋषि तथा न्यूरोलॉजिस्ट एवं कॉग्निटिव साइंस ब्रेन कोच डॉ. श्वेता आदित्य द्वारा साझा किए जाने वाले स्वास्थ्य संबंधी सुझावों का उल्लेख करते हुए गहरी सांस लेने की सही विधि और इसके संभावित स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी। परिषद के ऑडिटर इंजीनियर दीदार सिंह ने बताया कि समारोह के दौरान परिषद के संविधान में दूसरी विशेष संशोधन प्रक्रिया पूरी की गई। संविधान संशोधन समिति की ओर से 19 अक्टूबर 2026 को प्रस्तुत रिपोर्ट को कार्यकारिणी की मंजूरी मिलने के बाद परिषद की सदस्य सचिव परमिंदर कौर पंदोहल ने प्रस्तावित संशोधनों को विस्तार से पढ़कर सुनाया। प्रधान सुरिंदर सिंह तोगड़ ने सदस्यों से सुझाव मांगे। कोई सुझाव न मिलने पर संशोधनों को मंजूरी देने के लिए सहमति मांगी गई, जिसे उपस्थित सदस्यों ने हाथ उठाकर सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। इस अवसर पर प्रधान ने हलका विधायक एडवोकेट दिनेश कुमार चड्ढा के प्रतिनिधि इंदरपाल सिंह राजू सत्याल को बुजुर्गों की विभिन्न मांगों और वरिष्ठ नागरिक भवन से संबंधित मांगपत्र सौंपा।



न्यू चंडीगढ़ के ओमैक्स चौक पर भीषण सड़क हादसा, ट्राले की चपेट में आने से 19 वर्षीय युवती की मौत, दूसरी गंभीर घायल

खूनी चौक के नाम से मशहूर ओमैक्स चौक पर फिर हुआ दर्दनाक हादसा, पुलिस ने ट्राले और चालक को लिया हिरासत में

डेली आवाज भारती

न्यू चंडीगढ़ (हरतेज सिंह तेजी): न्यू चंडीगढ़ के ओमैक्स चौक पर एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है।

यहां एक ट्राले की चपेट में आने से एक्टिवा सवार दो युवतियां गंभीर हादसे का शिकार हो गईं। इस दुर्घटना में 19 वर्षीय युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी 18 वर्षीय युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा न्यू चंडीगढ़ के ओमैक्स चौक के नजदीक पीआर-7 और पीआर-4 सड़क पर उस समय हुआ, जब एक्टिवा पर सवार दो युवतियां कहीं जा रही थीं। इसी दौरान वे एक ट्राले की चपेट में आ गईं। हादसा इतना दर्दनाक था कि एक युवती ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी एएसआई बलराज सिंह ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाली युवती की पहचान 19 वर्षीय सुमन, निवासी गांव सलामतपुर (न्यू चंडीगढ़) के रूप में हुई है। वहीं गंभीर रूप से घायल युवती की पहचान 18 वर्षीय अमनप्रीत कौर, निवासी गांव रसूलपुर (न्यू चंडीगढ़) के रूप में हुई है। दोनों युवतियां एक्टिवा पर सवार होकर जा रही थीं, तभी ओमैक्स चौक के नजदीक यह हादसा हो गया। गौरतलब है कि न्यू चंडीगढ़ का ओमैक्स चौक पहले भी कई बड़े सड़क हादसों के कारण चर्चा में रह चुका है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस चौक पर पहले भी कई दर्दनाक दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें अनेक लोगों की जान जा चुकी है। लगातार हो रहे हादसों के कारण स्थानीय लोग इस स्थान को खूनी चौक के नाम से भी पुकारते हैं।

ट्राला और चालक पुलिस हिरासत में, जांच जारी

पुलिस अधिकारी एएसआई बलराज सिंह ने बताया कि हादसे के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्राले और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस की ओर से मामले की जांच की जा रही है। संबंधित पक्षों के बयान दर्ज करने के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दर्दनाक हादसे में एक 19 वर्षीय युवती की जान चले जाने से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं दूसरी युवती के गंभीर रूप से घायल होने की खबर ने भी चिंता बढ़ा दी है। लगातार हो रहे सड़क हादसों के बीच ओमैक्स चौक पर यातायात सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने की जरूरत एक बार फिर सामने आई है।

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में विशेषज्ञ मिक वालविस्च ने विद्यार्थियों से की उद्यमिता के भविष्य पर चर्चा की

डेली आवाज भारती

अमृतसर। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के नेतृत्व में गोल्डन जुबली सेंटर फॉर एंटरप्रेन्योरशिप एंड इनोवेशन द्वारा डच उद्यमिता एवं नवाचार विशेषज्ञ मिक वालविस्च के साथ 'उद्यमिता = भविष्य आज ही है' विषय पर एक संवाद सत्र आयोजित किया गया। श्री अमृतसर साहिब की 450वीं वर्षगांठ को समर्पित इस कार्यक्रम में उद्यमिता की व्यावहारिक शिक्षा, नवाचार के माध्यम से रोजगार के अवसर पैदा करने और भविष्य में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की गई। भारत में छह सप्ताह बिताने के बाद मिक वालविस्च एक बार फिर गुरु नानक देव विश्वविद्यालय पहुंचे। विश्वविद्यालय के साथ उनका संबंध पिछले दौरों, ज्ञान के आदान-प्रदान और उद्यमिता से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार मजबूत हुआ है। इस अवसर पर उन्होंने सेंटर की समन्वयक एवं मानव आनुवंशिकी की प्रोफेसर प्रो. डॉ. वसुधा सांबियाल से मुलाकात की। यह सत्र उनके और डॉ. राजदीप सिंह सोहल के सहयोग से आयोजित किया गया। कारोबारी विकास, मार्गदर्शन, नए उद्यमों को प्रोत्साहित करने और प्रशिक्षण के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा करते हुए मिक वालविस्च ने कहा कि उद्यमिता की शिक्षा को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वास्तविक जीवन की चुनौतियों को समझने, विचारों को व्यवहार में परखने और बाजार की जरूरतों को पहचानने से विद्यार्थियों में अपना उद्यम शुरू करने के लिए आत्मविश्वास और आवश्यक कौशल विकसित किए जा सकते हैं। इससे नए कारोबार स्थापित करने, रोजगार पैदा करने और समावेशी आर्थिक विकास में योगदान देने के अवसर बढ़ते हैं।



जथेदार चरणजीत सिंह कलेवाल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री से की मुलाकात, पंजाब के अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

डेली आवाज भारती

खरड़/ संदीप अकालगढ़ियाः शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जथेदार चरणजीत सिंह कलेवाल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। इस दौरान पंजाब से जुड़े अहम मुद्दों और जनहित से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

मुलाकात के दौरान किसानों की भलाई, फसलों की खरीद और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। जथेदार कलेवाल ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इसलिए किसानों की समस्याओं का समाधान करना और उनके हितों की रक्षा करना सरकारों की प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके साथ ही पंजाब में नशे की समस्या को जड़ से खत्म करने, युवाओं को नशे से बचाने और समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य सुरक्षित बनाने के लिए सरकारों, सामाजिक संस्थाओं और आम लोगों को मिलकर प्रयास करने चाहिए। जथेदार चरणजीत सिंह कलेवाल ने कहा कि पंजाब और हरियाणा के लोगों के आपसी सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध बेहद मजबूत हैं। दोनों राज्यों के लोगों की भलाई से जुड़े मुद्दों पर आपसी सहयोग और संवाद को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों को उच्च स्तर पर उठाना और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करना सार्वजनिक जीवन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सरकारों और जनप्रतिनिधियों को मिलकर ऐसे प्रयास करने चाहिए, जिससे आम लोगों को लाभ मिल सके और दोनों राज्यों के बीच आपसी सहयोग और मजबूत हो।



पंजाब में धान खरीद में 4,000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप, पंजाब को लूटने में जुटे दिल्ली के लुटेरेः सरदार परगट सिंह

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष ने किया कुक्कड़ पिंड की दाना मंडी का दौरा, किसानों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को फोन पर लगाई फटकार

डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिनः पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सरदार परगट सिंह ने गांव कुक्कड़ पिंड स्थित दाना मंडी का दौरा कर धान की खरीद और लिफ्टिंग की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी सरकार पर धान खरीद में करीब 4,000 करोड़ रुपये के घोटाले का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पंजाब को लूटने में दिल्ली से आए लुटेरे जुटे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने शैलरों और निजी एजेंसियों के साथ प्रति बारदाना 200 रुपये का कथित सौदा किया है। सरकार की ओर से समय रहते कोई ठोस एडवांस प्लानिंग नहीं किए जाने के कारण किसानों को मंडियों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंडी में किसानों की समस्याएं सुनने के बाद सरदार परगट सिंह ने मौके पर ही खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को फोन किया और खरीद तथा लिफ्टिंग में हो रही देरी को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सरकार के दावों और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर है। मंडियों में धान की आवक के अनुरूप खरीद और लिफ्टिंग की व्यवस्था नहीं की गई, जिसका सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है। सरदार परगट सिंह ने आरोप लगाया कि मंडियों में लिफ्टिंग की जिम्मेदारी व्यवस्थित ढंग से निभाने के बजाय सरकार ने एक चहेते शैलर को ठेका दे दिया है, जिससे मनमानी की स्थिति पैदा हो रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब खरीद और लिफ्टिंग के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जरूरत थी, तो सरकार ने एक ही एजेंसी पर निर्भर रहने का फैसला क्यों किया? उन्होंने आशंका जताई कि ऐसी व्यवस्था के कारण किसानों और आढ़तियों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो रही है और किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़ रहा है। धान की खरीद बंद किए जाने संबंधी सवाल पर सरदार परगट सिंह ने कहा कि पंजाब में करीब 180 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद का लक्ष्य है। जब खरीद का लक्ष्य अभी पूरा नहीं हुआ, तो किसानों को खरीद बंद होने की बात कहकर परेशान करना कहां तक उचित है? उन्होंने कहा कि यह स्थिति सरकार की नाकामी और दूरदर्शी योजना के अभाव को उजागर करती है। सरकार को किसानों की फसल समय पर खरीदने और मंडियों से उसका उठान सुनिश्चित करने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए।



अंकशास्त्र व वास्तु विशेषज्ञ अश्विनी कुमार कोहली को मिली मानद डॉक्टरेट की उपाधि

ऑकल्ट साइंसेज के क्षेत्र में शानदार सेवाओं के लिए दिल्ली में किया गया सम्मानित, जीरकपुर क्षेत्र में खुशी की लहर

डेली आवाज भारती

ज़ीरकपुरः तरनप्रीत सिंह गिल : अंकशास्त्र और वास्तु के क्षेत्र में लंबे समय से उल्लेखनीय और सराहनीय सेवाएं प्रदान कर रहे इंजीनियर अश्विनी कुमार कोहली को नई दिल्ली में आयोजित एक प्रभावशाली समारोह के दौरान %ऑनरेरी डॉक्टरेट इन ऑकल्ट साइंसेज% की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें 'आइकॉनिक ह्यूमन राइट्स एंड एजुकेशनल ऑर्गेनाइजेशन' द्वारा आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह के दौरान प्रदान किया गया। यह मानद डॉक्टरेट की उपाधि अश्विनी कुमार कोहली को अंकशास्त्र, वास्तु और ऑकल्ट साइंसेज के क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक योगदान और लोक कल्याण के लिए किए गए निरंतर प्रयासों की भरपूर सराहना करते हुए प्रदान की गई है। पंजाब के विभिन्न शहरों में अपनी सेवाएं निभाने के बाद वर्तमान में ज़ीरकपुर में रहकर लोगों को सेवाएं दे रहे अश्विनी कुमार कोहली की इस विशिष्ट उपलब्धि से इलाके भर में खुशी की लहर है।



इस अवसर पर उनके समस्त शुभचिंतकों, दोस्तों और परिचितों ने उन्हें इस बड़ी उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विशेषज्ञों का मानना है कि कोहली को मिला यह सम्मान न केवल उनके पेशेवर जीवन की एक बहुत ही महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि यह ऑकल्ट साइंसेज और अंकशास्त्र से जुड़े क्षेत्र के लिए भी एक गर्व का विषय है।

page 5_Layout 1 24-10-2026 20:06 Page 1

गांव तारापुर माजरी की पंचायत और गणमान्य व्यक्तियों ने विजय शर्मा टिंकू को दिया कुश्ती दंगल का निमंत्रण

डेली आवाज भारती

27 अक्टूबर को गांव में होगा कुश्ती दंगल, युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों को बढ़ावा देने पर दिया जोर



माजरी/कुराली, संदीप अकालगढ़िया : विधानसभा हलका खरड़ से कांग्रेस पार्टी के हलका इंचार्ज विजय शर्मा टिंकू को ग्राम पंचायत गांव तारापुर माजरी की ओर से कुश्ती दंगल का निमंत्रण दिया गया। इस दौरान गांव के सरपंच राजेश कुमार और दंगल कमेटी के अध्यक्ष बिक्रमजीत सिंह विक्की ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से बंद पड़ा कुश्ती दंगल अब ग्राम पंचायत, खेल प्रेमियों और गांववासियों के सहयोग से 27 अक्टूबर को दोबारा करवाया जा रहा है। इस संबंध में गांव की पूरी ग्राम पंचायत और दंगल कमेटी के सदस्यों ने विजय शर्मा टिंकू से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस दौरान खरड़ हलके की आगामी रणनीति को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। पंचायत और कमेटी के सदस्यों ने विजय शर्मा टिंकू को विश्वास दिलाया कि वे हर समय उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। इस अवसर पर विजय शर्मा टिंकू ने कहा कि सभी लोगों को आपसी भेदभाव से ऊपर उठकर मिल-जुलकर ऐसे खेल मेलों का आयोजन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं और उन्हें नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजनों से युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ती है और गांवों में आपसी भाईचारा भी मजबूत होता है। उन्होंने कुश्ती दंगल जैसे पारंपरिक खेल आयोजनों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों, सामाजिक संगठनों और गांववासियों को मिलकर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए, ताकि युवा पीढ़ी अपनी ऊर्जा सकारात्मक गतिविधियों में लगा सके। इस अवसर पर गुरचरण सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शेर सिंह, राणा राम, पाल सिंह और विजय शर्मा टिंकू के पीए कुलदीप सिंह ओइंद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

दोस्त-दोस्त न रहा...एक दोस्त ने दूसरे दोस्त को गोली से उड़ाया, मौत

एक्टिवा साइड करने को लेकर हुआ था विवाद

- बताया जा रहा है कि एक्टिवा को साइड करने को लेकर विवाद हुआ था
- 6 गोलियां चलाई, जिसमें 2 सिर पर, एक कमर और एक पैर में जा लगी

डेली आवाज भारती



- गंभीर हालत में अस्पताल लेकर जा रहे थे, पर रास्ते में ही दम तोड़ दिया
- गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही पुलिस, अन्य पहलुओं की भी जांच

अमृतसर। अमृतसर में मामूली विवाद के बाद एक युवक की सरेआम गोलियां मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान अमित के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि एक्टिवा को साइड करने को लेकर विवाद हुआ था। इसी कारण हमलावरों ने करीब 6 गोलियां चलाई, जिसमें से 2 सिर पर, एक कमर और एक पैर में जा लगी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल लेकर जा रहे थे, पर उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। फरार हुए आरोपियों की तलाश जारी है।

दोस्तों ने ही मारी गोलियां

मृतक के पिता ने बताया कि शुक्रवार रात को एक्टिवा साइड करने को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद को लेकर उसके दोस्तों ने अमित पर गोलियां चला दी। पुलिस के मुताबिक, वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपियों के आपस में 3 भाई होने की बात बताई जा रही है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

बीबी जुगिंदर कौर शिरोमणि अकाली दल महिला विंग खरड़ शहरी की अध्यक्ष नियुक्त

डेली आवाज भारती



खरड़/संदीप अकालगढ़िया : शिरोमणि अकाली दल की ओर से पार्टी संगठन को और मजबूत करने के उद्देश्य से बीबी जुगिंदर कौर को महिला विंग शिरोमणि अकाली दल खरड़ शहरी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर शिरोमणि अकाली दल के हलका खरड़ प्रभारी सरदार रविंदर सिंह खेड़ा ने बीबी जुगिंदर कौर को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी और उन्हें पार्टी की मजबूती के लिए पूरी मेहनत और लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया। सरदार रविंदर सिंह खेड़ा ने कहा कि महिला विंग किसी भी संगठन का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से पार्टी की गतिविधियों को और मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि बीबी जुगिंदर कौर अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाते हुए खरड़ शहर की महिलाओं को पार्टी के साथ जोड़ने और शिरोमणि अकाली दल की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने में प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता की अहम भूमिका होती है। सभी को मिलकर लोगों की समस्याओं को समझना, उनके समाधान के लिए आवाज उठाना और पार्टी की गतिविधियों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। अंत में सरदार रविंदर सिंह खेड़ा ने बीबी जुगिंदर कौर को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वह अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी और मेहनत से निभाते हुए खरड़ शहर में शिरोमणि अकाली दल के संगठन को और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

ब्लॉक अजनाला, अमृतसर में 'डाक चौपाल' का आयोजन



डेली आवाज भारती

अजनाला। डाक विभाग द्वारा आज अजनाला, अमृतसर में स्थित उप डाकघर अजनाला में 'डाक चौपाल' का आयोजन कर आम जनता को डाक सेवाओं, बचत योजनाओं एवं बीमा सुविधाओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम श्री चरणजीत सिंह, वरिष्ठ डाक अधीक्षक, अमृतसर मंडल के मार्गदर्शन में श्री सौरव ठाकुर, निरीक्षक डाकघर, नॉर्थ वेस्ट उपमंडल द्वारा आयोजित किया गया। डाक चौपाल के माध्यम से डाक विभाग की आधुनिक सेवाओं, बचत बैंक, डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। इस अवसर पर श्री साहिल नारंग, उप डाकपाल, अजनाला; श्री बिक्रमजीत सिंह, डाक जीवन बीमा विकास अधिकारी, अमृतसर; संबंधित क्षेत्र के शाखा डाकपाल, ग्रामीण डाक सेवक तथा अजनाला क्षेत्र के गणमान्य ग्राहक उपस्थित रहे। ग्राहकों को सुकन्या समृद्धि योजना, महिला सम्मान बचत पत्र, आधार सेवाएं, स्पीड पोस्ट, पार्सल एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष डॉक्यूमेंट्री तीन गांवों में दिखाई गई

डेली आवाज भारती



साहिबजादा अजीत सिंह नगर), संदीप अकालगढ़िया : पंजाब सरकार की ओर से श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित उनके जीवन, शिक्षाओं और समाज को दिए गए महान योगदान के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई जा रही है। इसी कड़ी के तहत माजरी ब्लॉक के गांव फिरोजपुर बंगड़, तकीपुर और पड़ौल में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से 30 मिनट की डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। इस दौरान लोगों को श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन, विचारधारा और समाज सुधार के लिए किए गए कार्यों से अवगत करवाया गया। खरड़ के उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) श्री गुरमीत सिंह ने संगतों से इस डॉक्यूमेंट्री को अधिक से अधिक देखने की अपील करते हुए कहा कि श्री गुरु रविदास जी महाराज की शिक्षाएं संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने समाज को समानता, आपसी भाईचारे, मानवता, सच्चाई और नेक कर्मों का संदेश दिया। उनकी वाणी मनुष्य को जात-पात, भेदभाव और सामाजिक बुराइयों से ऊपर उठकर एक समानता पर आधारित समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करती है। एसडीएम गुरमीत सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित किए जा रहे प्रयासों का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को गुरु साहिब के जीवन और दर्शन से जोड़ना है। गांवों में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाई जा रही यह डॉक्यूमेंट्री लोगों को गुरु साहिब की विचारधारा और समाज सुधार में उनके योगदान के बारे में जानकारी देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

बलटाना के हरमिलाप नगर में पुलिस व ड्रग विभाग की संयुक्त छापेमारी, पांच मेडिकल स्टोरों की चेकिंग

डेली आवाज भारती

बिना लाइसेंस होल्डर और फार्मासिस्ट के चल रही दुकान को अधिकारियों ने करवाया बंद



ज़ीरकपुरःतरनप्रीत सिंह गिल : ज़ीरकपुर के बलटाना क्षेत्र के तहत आते हरमिलाप नगर में शनिवार को पुलिस और ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न कैमिस्ट दुकानों पर अचित चेकिंग की। इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान ज़ीरकपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह, बलटाना चौकी प्रभारी मलकीत सिंह और ड्रग इंस्पेक्टर जयजयकार सिंह के नेतृत्व में टीम ने इलाके के पांच मेडिकल स्टोरों की जांच की। हालांकि, चेकिंग के दौरान मौके पर किसी भी दुकान से कोई प्रतिबंधित दवा बरामद नहीं हुई। लेकिन जांच के दौरान एक मेडिकल स्टोर पर बड़ी लापरवाही सामने आई। उस दुकान पर न तो अधिकृत लाइसेंस होल्डर मौजूद था और न ही कोई योग्य फार्मासिस्ट उपस्थित था। नियमों की इस अवहेलना को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उक्त दुकान को बंद करवा दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक दुकान का मूल लाइसेंस होल्डर और पंजीकृत फार्मासिस्ट मौके पर नहीं पहुंचता, तब तक यह दुकान नहीं खोली जाएगी। ड्रग विभाग और पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि दवाओं की बिक्री से जुड़े सरकारी नियमों का पालन करना प्रत्येक दुकानदार के लिए अनिवार्य है। दुकानों पर जिम्मेदार व्यक्ति की उपस्थिति और निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन चेकिंग का मुख्य हिस्सा है, जिसमें किसी भी प्रकार की ढील बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान ड्रग विभाग और पुलिस की टीम ने हरमिलाप नगर स्थित पांचों कैमिस्ट दुकानों का रिकॉर्ड खंगाला। टीम द्वारा दुकानों पर उपलब्ध दवाओं के स्टॉक और बिलों की पड़ताल की गई ताकि इलाके में किसी भी तरह की प्रतिबंधित (नशीली) दवाओं की अवैध बिक्री को रोका जा सके।

नशे के हॉटस्पॉट के रूप में चर्चा में रहा है हरमिलाप नगर

उल्लेखनीय है कि बलटाना का हरमिलाप नगर क्षेत्र पहले भी नशे से जुड़ी गतिविधियों और आपराधिक मामलों को लेकर चर्चा में रहा है। सुरक्षा को सुनिश्चित करने और नशा तस्करी पर नकेल कसने के लिए इससे पहले भी पुलिस प्रशासन द्वारा यहां %कासो% (ह्रस्ह) के तहत दो बार बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन चलाए जा चुके हैं। पुलिस और ड्रग विभाग की इस ताजा संयुक्त चेकिंग को क्षेत्र में नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर सख्त नजर रखने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इस कार्रवाई से इलाके के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया है और सभी को सरकारी नियमों का सख्ती से पालन करने का स्पष्ट संदेश मिला है।

कुराली में अकाली दल वारिस पंजाब दे की हुई विशाल बैठक

- पंजाब के युवाओं को नशे से दूर रखना और प्रदेश के भविष्य के लिए सकारात्मक राजनीति करना हमारा प्राथमिक कर्तव्यः वक्ता

डेली आवाज भारती



कुराली/संदीप अकालगढ़िया। अकाली दल वारिस पंजाब दे संगठन की ओर से शहर कुराली में गुरुद्वारा हरगोबिंदगढ़ साहिब में एक विशाल बैठक आयोजित की गई। यह बैठक खरड़ हलके के सक्रिय नेता सरदार हरजिंदर सिंह मुंधो के नेतृत्व में हुई। बैठक में संगठन के वरिष्ठ नेताओं सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बीबी मनदीप कौर तरनतारन, जसकरन सिंह काहन सिंह वाला, जसवंत सिंह चीमा, वरिष्ठ नेता शिवचरण सिंह भंगू, प्रदेश नेता गुरमीत सिंह शांटू, जिला युवा प्रधान सरदार हरजिंदर सिंह देसूमाजरा, रविंदर सिंह बजिदपुर, भगत सिंह भगत माजरा, रमणजीत सिंह खरड़, सुरिंदर सिंह किशनपुरा और जतिन सिंह मोहाली सहित अन्य नेताओं ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि भाई अमृतपाल सिंह खालसा की सोच के अनुसार पंजाब के युवाओं को नशे से दूर रखना संगठन का प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पंजाब के उज्ज्वल भविष्य के लिए सकारात्मक सोच और रचनात्मक राजनीति की आवश्यकता है। युवाओं को सही दिशा प्रदान करने और उन्हें सामाजिक बुराइयों से बचाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए। नेताओं ने अकाली दल, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि इन पार्टियों ने अपने वादों के अनुरूप काम नहीं किया और पंजाब के लोगों को निराश किया है। उन्होंने कहा कि वारिस पंजाब दे संगठन लोगों के मुद्दों और समस्याओं से जुड़ा हुआ है तथा इसका उद्देश्य पंजाब के लोगों की आवाज को बुलंद करना है।

अंकित गोयल ने NEET-UG में पंजाब में पहला स्थान हासिल कर बढ़ाया कुराली का मानः राणा गिल

डेली आवाज भारती



कुराली/संदीप अकालगढ़िया। हलका खरड़ और कुराली के लिए यह बेहद गर्व की बात है कि अंकित गोयल ने ह्रश्वश्वज्ञ-त्त के घोषित परिणामों में पंजाब स्तर पर पहला स्थान और ऑल इंडिया स्तर पर 207वां स्थान हासिल करके अपने माता-पिता, शहर और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस शानदार उपलब्धि पर भारतीय जनता पार्टी के पंजाब प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार रणजीत सिंह गिल ने अंकित गोयल को विशेष रूप से सम्मानित किया और उनकी सफलता पर बधाई दी। इस अवसर पर सरदार रणजीत सिंह गिल ने कहा कि अंकित जैसे होनहार विद्यार्थी आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत और आदर्श हैं। उन्होंने कहा कि अंकित ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है, जिससे पूरे क्षेत्र का सिर गर्व से ऊंचा हुआ है। उन्होंने अंकित के पिता श्री रोहित गोयल और माता श्रीमती नीना गोयल को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चों की सफलता के पीछे माता-पिता की मेहनत, सहयोग और उचित मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान होता है। अंकित की यह उपलब्धि उनके माता-पिता के लिए भी बेहद गर्व की बात है। सरदार रणजीत सिंह गिल ने अन्य विद्यार्थियों से भी अपील की कि वे अंकित के जीवन से प्रेरणा लें और मेहनत, लगन तथा अनुशासन के साथ अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास से विद्यार्थी अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। इस अवसर पर आशू गोयल, राकेश गोयल, प्रिंस गोयल, अभिषेक गोयल, आशीष शर्मा, परमजीत पम्मी एमसी, आशू राणा एमसी, राकेश अग्रवाल, प्रिंस अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में अन्य साथी उपस्थित थे।

जनगणना-2027 का दूसरा चरण पंजाब में 16 नवंबर से होगा शुरू

संगरूर/मोहिंदर सिंह। डिप्टी कमिश्नर श्रीमती पूनमदीप कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना-2027 के तहत जनसंख्या गणना का दूसरा चरण पंजाब में 16 नवंबर, 2026 से शुरू होगा और 4 जनवरी, 2027 तक जारी रहेगा। इसके तहत 16 से 30 नवंबर, 2026 तक लोगों को ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा मिलेगी, जबकि 1 दिसंबर, 2026 से 4 जनवरी, 2027 तक गणनाकर्मी घर-घर जाकर जनसंख्या की गणना करेंगे। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि जनगणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़े लोगों की जरूरतों के अनुसार विकास योजनाएं तैयार करने का अहम आधार बनते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पीने के पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं के संबंध में भविष्य की योजना बनाने के लिए जनसंख्या के बारे में सटीक और पूरी जानकारी उपलब्ध होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार की भागीदारी इस प्रक्रिया को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

वाहन चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार; मोटरसाइकिल व एक्टिवा बरामद

पुलिस ने तीन दिन का रिमांड हासिल करके शुरू की गहरी पड़ताल

डेली आवाज भारती



ज़ीरकपुरःतरनप्रीत सिंह गिल । ज़ीरकपुर पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को काबू करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से चोरी का एक मोटरसाइकिल और एक एक्टिवा बरामद की है। पुलिस द्वारा मामले की आगे की जांच लगातार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रेहान पुत्र सहजाद, निवासी मकान नंबर 34, हरी कृष्णा एन्क्लेव, बलटाना, ज़ीरकपुर ने पुलिस को शिकायत दी थी कि 14 अक्टूबर 2026 को उसने अपनी हीरो स्पलैंडर मोटरसाइकिल अपनी दुकान के बाहर खड़ी की थी और वह खुद रामलीला ग्राउंड देखने गया था। जब वह रात करीब 1ः30 बजे वापस लौटा तो उसका मोटरसाइकिल वहां से गायब था। काफी तलाश करने के बावजूद मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद थाना ज़ीरकपुर में मुकदमा नंबर 608, दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच कर रहे एएसआई मेजर सिंह अपनी पुलिस पार्टी समेत चंडीगढ़ की ओर से आने वाली स्लिप रोड पर पुल के पास नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक वहां पहुंचे। पुलिस पार्टी को देखकर जब उन्होंने वापस मुड़ने की कोशिश की तो पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए तीनों को मौके पर ही दबोच लिया।

चौथे आरोपी का नाम भी आया सामने

***गहरी** पूछताछ के दौरान पुलिस ने इस मामले में चौथे आरोपी एलेक्स जैकब पुत्र विशाल जैकब (निवासी रवीन्द्र एन्क्लेव, फेस-2, बलटाना, ज़ीरकपुर) को भी नामजद किया। आरोपी एलेक्स जैकब की निशानदेही पर एक एक्टिवा भी बरामद की गई। पुलिस ने सभी आरोपियों को अदालत में पेश करके तीन दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है और मामले में अन्य खुलासे किए जाने की संभावना है।*

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 24-10-2026 17:42 Page 1

श्रीदेवी काम को लेकर बेहद अनुशासित थीं

हेतल यादव ने बताया साथ काम करने का अनुभव

मुंबई। अभिनेत्री हेतल यादव ने अपने करियर की शुरुआत कोरियोग्राफर के तौर पर की थी। इस दौरान उन्होंने इंडस्ट्री के कई बड़े सितारों के साथ भी काम किया है, जिनमें दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी का नाम भी शामिल हैं। हेतल यादव ने श्रीदेवी के साथ अपने काम करने के अपने अनुभवों को साझा किया और बताया कि उनसे उन्होंने क्या कुछ सीखा। अभिनेत्री ने आईएएनएस के साथ बातचीत में बताया कि वह खुद को भाग्यशाली मानती हैं कि लंबे करियर में इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला। अभिनेत्री ने कहा, ÷मैंने अपने लंबे करियर में कई क्षेत्रीय फिल्मों में काम करने के साथ-साथ कमर्शियल हिंदी फिल्मों में भी किया है। हालांकि एक एक्टर के तौर पर मैंने श्रीदेवी के



साथ काम नहीं किया है, लेकिन एक प्रोड्यूसर के तौर पर बोनी कपूर की कई फिल्मों में काम किया है। उन्होंने कहा, फिल्म 'पुकार' के गाने की शूटिंग के दौरान मेरी मुलाकात श्रीदेवी से हुई थी और उनसे बातचीत करने का मौका मिला था। उस समय शायद उनकी बड़ी बेटी जाह्नवी कपूर हो चुकी थी। मैंने श्री देवी में एक खासियत देखी कि वे अपने काम को लेकर बहुत अनुशासित और ईमानदार थीं और जो भी लोग उनके करीब हैं, वे इस बात से भली-भांति वाकिफ होंगे। हमारी इंडस्ट्री में आज ऐसे लोग कम ही देखने को मिलते हैं। अभिनेत्री हेतल यादव ने आगे इंडस्ट्री के बदलाव पर भी बात की। उनका मानना है आज के मुकाबले में पहले के समय नए एक्टर्स को ज्यादा संघर्ष करना पड़ता था। उन्होंने कहा, ÷उस समय एक अलग तरह का संघर्ष था और अलग तरह की चुनौतियां थीं, हालांकि आज के समय में भी अलग तरह की चुनौतियां देखने को मिलती हैं, लेकिन इन सबमें ओटीटी, टेलीविजन या फिल्मों में आना बहुत आसान हो गया है। अब नए एक्टर्स के लिए बहुत सारे रास्ते खुल गए हैं और सोशल मीडिया के माध्यम से दर्शकों के दिलों में जगह बनाना आसान हो गया है, खासकर उन लोगों को लिए जिनके पास संसाधन नहीं है। आज बहुत सारी सुविधाएं हैं जो पहले नहीं थीं।

'सॉरी बोलने में कभी दिक्कत नहीं हुई', अक्षय खन्ना ने साझा किए निजी अनुभव

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय खन्ना अपनी बेहतरीन अभिनय क्षमता के साथ-साथ बेहद निजी जीवन जीने के लिए भी जाने जाते हैं। वह न तो सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं और न ही अपनी फिल्मों के प्रमोशनल कार्यक्रमों में अक्सर नजर आते हैं। जब अक्षय खन्ना ने बताया था कि वह अपनी मर्जी से अंतर्मुखी (इंट्रोवर्ट) नहीं हैं। अक्षय सार्वजनिक आयोजनों और मीडिया की चकाचौंध से भी दूरी बनाए रखते हैं। शूटिंग से फुर्सत मिलने पर वह अपना अधिकतर समय अलीबाग स्थित घर में बिताना पसंद करते हैं। कई साल पहले लोकप्रिय चैट शो 'रेंडेवू विद सिमी गरेवाल' में पहुंचने पर अभिनेत्री और होस्ट सिमी गरेवाल ने अक्षय खन्ना के व्यक्तित्व के इस रहस्यमयी पहलू को समझने की कोशिश की थी। बातचीत के दौरान सिमी ने कहा था कि अक्षय अपने आसपास एक तरह की दीवार खड़ी कर लेते हैं, जिससे लोग उनसे दूर हो जाते हैं। इस पर अक्षय ने जवाब दिया, ÷मैं शायद अब उन दीवारों को थोड़ा पारदर्शी दिखाने लगा हूं, लेकिन वे अब भी मौजूद हैं। जब सिमी ने उनसे पूछा कि क्या वह बेहद संवेदनशील और भावुक व्यक्ति हैं तो अक्षय ने इसे स्वीकार करते हुए कहा, जो लोग मेरे बेहद करीब होते हैं, उनके प्रति मैं बहुत संवेदनशील हूं। उनकी छोटी-सी बात भी मुझे गहराई से प्रभावित कर देती है। अक्षय ने यह भी माना कि वह किसी का दिल दुखाना नहीं चाहते, लेकिन कई बार अनजाने में ऐसा हो जाता है। उन्होंने कहा, ÷बाद में मुझे इसका पछतावा होता है और मैं सोचता हूं कि दोबारा ऐसा नहीं करूंगा, लेकिन कभी-कभी गलती हो ही जाती है। क्योंकि मैं खुद बहुत संवेदनशील हूं, इसलिए दूसरों की भावनाओं को लेकर भी काफी सतर्क रहता हूं। माफी मांगने को लेकर अपने विचार साझा करते हुए अक्षय ने कहा कि उन्हें कभी भी 'सॉरी' बोलने में परेशानी महसूस नहीं हुई। उन्होंने कहा, माफी मांगना बहुत अच्छी बात है। यह बेहद आसान है और आपको राहत भी देती है। इसी बातचीत के दौरान अक्षय खन्ना ने यह भी स्पष्ट किया था कि वह अपनी पसंद से इंट्रोवर्ट नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें लोगों से मिलना-जुलना और उन्हें जानना अच्छा लगता है, लेकिन यह उनके लिए स्वाभाविक रूप से आसान नहीं है। अक्षय ने कहा, मुझे लोगों से मिलना और उन्हें समझना अच्छा लगता है, बस मेरे पास यह करने की वो क्षमता या कौशल नहीं है। किसी काम को नहीं करना चाहने और उसे न कर पाने में बहुत बड़ा अंतर होता है। उनके इस बयान ने यह दिखाया कि लोगों से दूरी बनाकर रखने की उनकी छवि के पीछे कोई अहंकार नहीं, बल्कि उनका स्वभाव और व्यक्तित्व है।



करिश्मा कपूर के साथ डांस कर रोहित शर्मा बोले, मेरा दिन बन गया

मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का एक सपना तब सच हो गया, जब उन्हें 90 के दशक की एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के साथ उनके मशहूर गाने %ले गई ले गई% पर डांस करने का मौका मिला। गेम शो %फैमिली फुल हाउस% के सेट पर दोनों की यह शानदार जुगलबंदी देखकर दर्शकों की भी पुरानी यादें ताजा हो गई। चैनल की ओर से जारी प्रोमो में रोहित और करिश्मा फिल्म %दिल तो पागल है% के आइकॉनिक गीत पर थिरकते नजर आ रहे हैं। स्क्रीन पर दोनों की केमिस्ट्री और रोहित का उत्साह साफ दिखाई देता है। करिश्मा के साथ डांस करने के बाद अपनी खुशी जाहिर करते हुए रोहित ने कहा, ÷हम फिल्म देखकर इन स्टेप्स की खूब नकल किया करते थे और आज मुझे खुद आपके साथ डांस करने का मौका मिल गया। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि ऐसा दिन आएगा। सच कहूं तो मेरा दिन बन गया। बहुत मजा आया।÷

वहीं, करिश्मा कपूर भी रोहित की मेजबानी की कायल नजर



आईं। उन्होंने उनकी तारीफ करते हुए कहा, ÷रोहित शानदार होस्ट हैं। वह बेहद सहज हैं और उनकी शख्सियत में एक अलग ही आकर्षण है। मैदान पर तो वह कमाल करते ही हैं, लेकिन बतौर होस्ट भी उन्होंने सभी को प्रभावित किया।÷

%ले गई ले गई% साल 1997 में रिलीज हुई यश चोपड़ा की सुपरहिट फिल्म %दिल तो पागल है% का लोकप्रिय गीत है। आशा भोसले और उदित नारायण की आवाज से सजे इस गाने का संगीत उत्तम सिंह ने दिया था, जबकि बोल आनंद बख्शी ने लिखे थे। इसकी कोरियोग्राफी मशहूर कोरियोग्राफर श्यामक डावर ने की थी।

90 के दशक में अपनी अदाकारी और चुलबुले अंदाज से करोड़ों दिलों पर राज करने वाली करिश्मा कपूर ने महज 15 साल की उम्र में बॉलीवुड में कदम रखा था। आज भी उनके गीत और फिल्में दर्शकों के बीच उसी उत्साह के साथ याद की जाती हैं, जिसका ताजा उदाहरण रोहित शर्मा के चेहरे पर दिखी वह खुशी है, जब उन्होंने अपनी पसंदीदा अभिनेत्री के साथ डांस फ्लोर साझा किया।

'प्रताप' के मेकर्स ने एसीपी दलेर सिंह के किरदार में तिग्मांशु धूलिया का फर्स्ट लुक किया जारी

प्रदीप रंगवानी और यूवी फिल्म्स प्रस्तुत आगामी एक्शन ड्रामा 'प्रताप' में तिग्मांशु धूलिया की एंट्री हो चुकी है और इसी के मद्देन.र फिल्म के मेकर्स ने उनका कैरेक्टर पोस्टर जारी किया है, जिसमें वह एसीपी दलेर सिंह के किरदार में नजर आ रहे हैं। उनका यह लुक किरदार के अतीत और कहानी में उसकी भूमिका को लेकर उत्सुकता बढ़ा रहा है। फिलहाल अमित साध और ईशा देओल के कैरेक्टर पोस्टर के बाद तिग्मांशु धूलिया के इस नए लुक ने फिल्म की कहानी में एक और दिलचस्प पहलू जोड़ दिया है। पोस्टर में उनका अंदाज एक ऐसे पुलिस अधिकारी की झलक दे रहा है, जो सलाखों के पीछे नजर आ रहा है। हालांकि, एसीपी दलेर सिंह किन परिस्थितियों में जेल पहुंचते हैं और फिल्म की कहानी में उनका क्या अहम योगदान है, इसे लेकर फिलहाल कोई खुलासा नहीं किया गया है। ऐसे में उनके किरदार की कहानी को लेकर बनी यह उत्सुकता दर्शकों के मन में कई सवाल खड़े कर रही है। सचिन सराफ द्वारा लिखित और निर्देशित 'प्रताप' में अमित साध, ईशा देओल, सीमा बिस्वास और मिलिंद गुणाजी भी अहम भूमिकाओं में नजर आनेवाले हैं। फिल्म का ट्रेलर 26 अक्टूबर, 2026 को रिलीज किया जाएगा।

स्काउट-लवप्रीत की नजदीकियों पर भड़के रोहित शेट्टी, दोनों को दी चेतावनी

मुंबई। रियलिटी शो 'बिग बॉस 20% के 'वीकेंड का वार' को सलमान खान की जगह फिल्ममेकर रोहित शेट्टी होस्ट कर रहे हैं। रोहित शेट्टी ने इस 'वीकेंड का वार' में घरवालों की क्लास ली है। स्काउट, लव गिल और बुली गैंग समेत कई कंटेस्टेंट्स के मुद्दों पर भी बात की। चैनल द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए प्रोमो में सलमान खान की जगह होस्टिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे रोहित शेट्टी ने लवप्रीत से स्काउट के साथ उनके बॉन्ड के बारे में पूछा। लवप्रीत ने कहा कि वह स्काउट को भाई मानती हैं। वहीं, रोहित ने कहा कि बाहर से देखने पर उनका ये बर्ताव बिल्कुल गलत लग रहा है। रोहित शेट्टी ने लवप्रीत से कहा, लवप्रीत गिल, जब स्काउट आपके पैरों, हाथों, गर्दन की मालिश करता है, तो यह टीवी पर देखने



में सही नहीं लगता है। तुम स्काउट से पीठ की मालिश करने के लिए कहती हो, वो तुम्हारी पिंडलियों की मालिश कर रहा है। ये बिल्कुल भी अच्छा नहीं लग रहा है। इस पर स्काउट ने कहा, ये तो मैं हर किसी के साथ करता हूं, माही दी ने भी मुझसे कहा था, मैंने उनके भी किया था।' रोहित ने जवाब दिया, 'स्काउट! बाहर जो दिख रहा है, बाहर जो महसूस हो रहा है, मैं बस वही बता रहा हूं। ये बिल्कुल गलत लग रहा है।' बताया जा रहा है कि 'बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' में स्काउट की गर्लफ्रेंड काश्वी हिरानंदानी नजर आ सकती हैं और घर के अंदर लव गिल और स्काउट के इस बॉन्ड पर अपनी बात रखती नजर आ सकती हैं। दरअसल, स्काउट और लव गिल की बढ़ती नजदीकियों की वजह से सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जा रहा है। शुरुआत में दोनों ने खुद को भाई-बहन बताया था लेकिन शो के दौरान उनके बीच काफी कोजी पल देखे गए हैं। हाल ही में स्काउट द्वारा कंबल के अंदर लव गिल के पैरों की मसाज करने और लव द्वारा स्काउट को गले लगाने वाले वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए हैं।

दीप्ति नवल ने फिल्म 'यात्रा' की तस्वीर शेयर कर ताजा की पुरानी यादें, लिखा-नाना और मेरे बीच का एक पल

मुंबई। अभिनेत्री दीप्ति नवल ने दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के साथ पुरानी यादों को ताजा किया। उन्होंने नाना पाटेकर के साथ फिल्म 'यात्रा' में काम करने के अनुभव को शेयर किया। अभिनेत्री दीप्ति नवल ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'यात्रा' के एक सीन की तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह पारंपरिक नीली नौवारी साड़ी और पीले ब्लाउज में जमीन पर पारंपरिक पत्थर की चक्की के पास बैठी नजर आ रही हैं। नाना सादे ऑफ-व्हाइट आउटफिट में हैं, कंधे पर मरून कपड़ा लपेटे हुए और उनके बगल में बैठे हैं। अभिनेत्री ने लिखा, ÷नाना और मेरे बीच का एक पल,



गौतम घोष की फिल्म %यात्रा% से।÷ फिल्म %यात्रा% की बात करें, तो गौतम घोष द्वारा निर्देशित ये फिल्म 2006 में मॉन्ट्रियल वर्ल्ड फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर के बाद 4 मई 2007 को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म कला, वास्तविकता और कल्पना के बीच के संबंध को दर्शाती है। गौतम घोष द्वारा निर्देशित फिल्म में नाना पाटेकर और दीप्ति नवल के अलावा रेखा भी अहम भूमिका में थी। इस फिल्म में नाना पाटेकर ने %दशरथ जोगलेकर% नाम के एक प्रसिद्ध लेखक का किरदार निभाया था, जो अपना प्रतिष्ठित साहित्य पुरस्कार लेने हैदराबाद से दिल्ली की यात्रा पर निकलते हैं। उनकी यह यात्रा उनके जीवन और उनकी रचनाओं के पन्ने पलटती है। वहीं, अभिनेत्री दीप्ति नवल ने दशरथ जोगलेकर की सौम्य और जिम्मेदार पत्नी 'स्मिता' का किरदार निभाया था, जो परिवार और वास्तविक जीवन का प्रतिनिधित्व करती है और लेखक की भावनाओं का एक शांत आधार है जबकि रेखा ने 'लजवंती' नामक एक तवायफ की भूमिका निभाई थी, जो दशरथ के उपन्यास की नायिका है और उनके अतीत व कल्पना का प्रतीक है। इस फिल्म की कहानी दशरथ जोगलेकर (नाना पाटेकर) नामक प्रसिद्ध लेखक के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक प्रतिष्ठित साहित्य पुरस्कार लेने दिल्ली जाते हैं। इस यात्रा के दौरान उनका अतीत वर्तमान के सामने आकर खड़ा हो जाता है। फिल्म में मुख्य रूप से एक तवायफ (रेखा द्वारा अभिनीत लाजवंती) के किरदार और समाज के मानस पर उसके प्रभाव को बहुत गहराई से दिखाया गया है।

'अगर उनके यहां बम फटा, तो हमारा उससे तेज होना चाहिए'

अमिताभ बच्चन ने सुनाया किस्सा

मुंबई। देशभर में दिवाली के लिए लोगों में उत्साह दिख रहा है। बाजारों में भी बे ने लगी है। इस बीच एक्टर अमिताभ बच्चन ने दिवाली से जुड़ी अपने बचपन की यादें शेयर की हैं। उन्होंने बताया कि उस दौर में पटाखे जलाने का उत्साह अक्सर पड़ोसियों के साथ एक दोस्ताना मुकाबले में बदल जाता था। अपनी आगामी फिल्म 'रामायण- पार्ट 1' के प्रमोशन के लिए अभिनेता रणबीर कपूर, साई पल्लवी और रवि दुबे %कौन बनेगा करोड़पति% के दिवाली स्पेशल एपिसोड में पहुंचे। बातचीत के दौरान अमिताभ बच्चन ने बचपन की दिवाली का एक दिलचस्प किस्सा सुनाया। रणबीर कपूर ने बिग बी से पूछा, ÷अमिताभ जी, आपको बचपन की दिवाली की कोई याद है?÷ इस पर अमिताभ बच्चन ने मुस्कुराते हुए कहा, ÷दिवाली की बस यही याद रहती थी कि अगर बगल वाले के यहां बम फटा है, तो हमारा बम उससे ज्यादा तेज होना चाहिए।÷

उनके इस जवाब ने सेट पर मौजूद सभी लोगों को हंसा दिया। बिग बी के इस किस्से ने उन दिनों की यादें भी ताजा कर दीं, जब बच्चों के बीच पटाखों को लेकर अलग ही उत्साह देखने को मिलता था।

शो में कलाकारों ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण- पार्ट 1' का भी प्रमोशन किया। निर्देशक नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी यह फिल्म 5 नवंबर को दुनियाभर में रिलीज होगी।

नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज, आठ बार ऑस्कर विजेता वीएफएक्स कंपनी डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के सहयोग से बन रही 'रामायण' को दो भागों में तैयार किया गया है। इसका दूसरा भाग दिवाली 2027 पर रिलीज होगा।

भारतीय पौराणिक कथा पर आधारित इस फिल्म में भव्य विजुअल इफेक्ट्स का इस्तेमाल किया गया है। फिल्म का संगीत ए.आर. रहमान और हैंस जिमर ने तैयार किया है। यह फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज की जाएगी।

फिल्म को आईमैक्स फॉर्मेट में भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसके वैश्विक वितरण की जिम्मेदारी सोनी पिक्चर्स संभालेगी, जबकि हिंदी भाषी बाजार में धर्मा प्रोडक्शंस इसे वितरित करेगा।

%कौन बनेगा करोड़पति% का दिवाली स्पेशल एपिसोड 29 और 30 अक्टूबर को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।



भतीजे के बर्थडे पर मायके पहुंचीं ऐश्वर्या राय, बेटी आराध्या संग मनाया जश्न

मुंबई। ग्लोबल आइकॉन ऐश्वर्या राय बच्चन अपने काम के साथ-साथ परिवार को भी समय देने से पीछे नहीं रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री अपने भतीजे शिवांश राय का जन्मदिन मनाने बेटी आराध्या राय बच्चन के साथ मायके गई थीं। अभिनेत्री की भाभी श्रीमा राय ने इस जश्न की झलकियां अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर कीं, जिनमें ऐश्वर्या, आराध्या, उनके पति आदित्य राय, सास वृंदा राय और उनके बच्चे नजर आ रहे हैं। तस्वीरों में परिवार बर्थडे बॉय के साथ केक काटते हुए दिख रहा है, टेबल पर केक और फूलों का गुलदस्ता रखा हुआ है। एक तस्वीर में श्रीमा बर्थडे बॉय को केक खिलाती हुई नजर आ रही हैं, जबकि परिवार उनके आसपास इकट्ठा है। एक और तस्वीर में आराध्या और उनके कजिन ऐश्वर्या के साथ पोज देते हुए दिख रहे हैं। तस्वीरों में घर की दीवार पर लगी फैमिली फोटो वॉल की भी



झलक दिख रही है, जिसमें फ्रेम में लगी कई तस्वीरें हैं। इस फोटो डिस्प्ले में उनके जीवन के अलग-अलग पड़ावों की तस्वीरें शामिल हैं, जिनमें ऐश्वर्या के माता-पिता, परिवार के सदस्य और नई पीढ़ी की तस्वीरें हैं।

तस्वीरें शेयर करते हुए श्रीमा ने लिखा, ÷मेरे क्यूटी पाई शिवांश राय को जन्मदिन की बधाई। आपका जीवन और ज्यादा मस्ती, प्रकृति के साथ ज्यादा समय, ज्यादा हंसी और मस्ती-मजे से बीते। मुझे आप पर गर्व है।÷

अभिनेत्री ऐश्वर्या अपनी मां वृंदा राय और भाई आदित्य राय के साथ खास बॉन्ड शेयर करती हैं। वे अपने परिवार के साथ खास मौकों और त्योहारों (जैसे रक्षाबंधन) पर समय बिताती हैं। ऐश्वर्या की भाभी श्रीमा राय के साथ उनके रिश्तों को लेकर बीच-बीच में सोशल मीडिया पर कई तरह की चर्चाएं और अटकलें सामने आती रही हैं, लेकिन पूरा परिवार साथ मिलकर पारिवारिक आयोजनों और बच्चों के जन्मदिन आदि में शामिल होता है। सोशल मीडिया पर दोनों एक-दूसरे को फॉलो नहीं करती हैं और साथ में बहुत कम तस्वीरें साझा करती हैं, जिसे लेकर कई बार मीडिया और ट्रोलर्स द्वारा अनबन या खटपट के कयास लगाए जाते हैं, हालांकि श्रीमा ने स्पष्ट किया है कि वे ऐश्वर्या को एक सुपरस्टार के रूप में नहीं, बल्कि अपनी ननद के तौर पर देखती हैं और उनका रिश्ता निजी स्तर पर सामान्य है।

CMYK

page 7_Layout 1 24-10-2026 21:53 Page 1

ईरानी राष्ट्रपति पेजेश्कियन अगले सप्ताह जाएंगे रूस

पुतिन से होगी मुलाकात

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन अगले सप्ताह मास्को में होंगे। यहां रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे। ईरानी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। दोनों नेताओं के बीच आर्थिक सहयोग और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम के अनुसार, पेजेश्कियन 27 अक्टूबर को %गैस एक्सपोर्टिंग कंट्रीज फोरम% (जीईसीएफ) यानी गैस निर्यातक देशों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस का दौरा करेंगे। एजेंसी ने रूस में ईरान के राजदूत काजेम जलाली के हवाले से बताया कि इस दौरान सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष एक दूसरे से मिलेंगे। राजदूत ने कहा, ÷ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान मंगलवार को मास्को आएंगे। वे यहां जीईसीएफ सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों और सरकार प्रमुखों के 8वें शिखर



सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। काजेम जलाली ने बताया कि राष्ट्रपति की यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जलाली के अनुसार, बैठक में आर्थिक सहयोग के साथ-साथ भू-राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। रूस और ईरान के बीच पिछले कुछ वर्षों में संबंध और मजबूत हुए हैं। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के पूर्ण पैमाने पर सैन्य हमले के बाद दोनों देशों के बीच नजदीकी बढ़ी है। दोनों देश अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का सामना कर रहे हैं और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। समाचार एजेंसी आईआरएनए ने बताया कि, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शुक्रवार को संकेत दिया था कि अगले सप्ताह दोनों देशों के राष्ट्रपतियों की मौजूदगी में बातचीत होगी।

चकराता: उत्तराखंड का खूबसूरत हिल स्टेशन, जहां विदेशी नागरिकों के प्रवेश पर है प्रतिबंध

डेली आवाज भारती



उत्तराखंड। अपनी खूबसूरत वादियों, ऊंचे पहाड़ों, घने जंगलों और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। यहां कई ऐसे पर्यटन स्थल हैं, जहां पहुंचकर सैलानियों को प्रकृति के करीब समय बिताने का मौका मिलता है। इन्हीं में से एक है चकराता, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांत माहौल के कारण खास पहचान रखता है। देहरादून के नजदीक स्थित यह पहाड़ी क्षेत्र उन लोगों को आकर्षित करता है, जो भीड़भाड़ से दूर सुकून के कुछ पल बिताना चाहते हैं। चकराता को लेकर अक्सर यह दावा किया जाता है कि यहां विदेशी नागरिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध है। हालांकि, सभी विदेशी पर्यटकों पर पूरी तरह से रोक होने के दावे की पुष्टि आधिकारिक जानकारी के आधार पर करना जरूरी है। चकराता का संवेदनशील सैन्य क्षेत्र से जुड़ाव होने के कारण यहां आने वाले पर्यटकों को यात्रा से पहले लागू नियमों और प्रवेश संबंधी शर्तों की जानकारी लेनी चाहिए।

देहरादून से करीब 90 किलोमीटर दूर है चकराता : चकराता उत्तराखंड के देहरादून जिले में स्थित एक खूबसूरत पहाड़ी क्षेत्र है। यह देहरादून से लगभग 90 किलोमीटर दूर है। समुद्र तल से ऊंचाई पर बसे इस इलाके में घने जंगल, पहाड़ और प्राकृतिक नजारे देखने को मिलते हैं। शहरों के शोर-शराबे से दूर होने के कारण यह स्थान प्रकृति प्रेमियों और शांत वातावरण पसंद करने वाले यात्रियों के लिए आकर्षक माना जाता है। चकराता का इतिहास ब्रिटिश शासन के दौर से जुड़ा है। वर्ष 1866 में ब्रिटिश अधिकारियों ने इस क्षेत्र को विकसित किया था। बाद में वर्ष 1869 में यहां ब्रिटिश छावनी बोर्ड की स्थापना हुई। सैन्य गतिविधियों से जुड़े इतिहास और रणनीतिक महत्त्व के कारण इस क्षेत्र में प्रवेश तथा आवाजाही से संबंधित नियमों का ध्यान रखना जरूरी है।

टाइगर फॉल्स का मनमोहक नजारा : चकराता के आसपास घूमने के लिए टाइगर फॉल्स प्रमुख आकर्षणों में शामिल है। ऊंचाई से गिरता पानी और चारों ओर फैली हरियाली इस जगह को खास बनाते हैं। झरने के आसपास का प्राकृतिक वातावरण पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहां पहुंचने के लिए कुछ दूरी पैदल भी तय करनी पड़ सकती है, इसलिए यात्रा की योजना बनाते समय अपनी शारीरिक क्षमता और मौसम का ध्यान रखना चाहिए।

बुधेर गुफाएं भी हैं खास आकर्षण : प्रकृति और रोमांच में रुचि रखने वाले पर्यटक बुधेर गुफाओं की ओर भी रुख कर सकते हैं। यह क्षेत्र अपनी प्राकृतिक बनावट और आसपास के पहाड़ी दृश्यों के लिए जाना जाता है। यहां की यात्रा उन लोगों के लिए खास हो सकती है, जिन्हें सामान्य पर्यटन स्थलों से अलग जगहों को देखना पसंद है। हालांकि, किसी भी दुर्गम स्थान पर जाने से पहले स्थानीय मार्गदर्शन और सुरक्षा संबंधी जानकारी लेना बेहतर रहता है।

चिलमिरी नेक से दिखते हैं खूबसूरत पहाड़ी दृश्य : चकराता में चिलमिरी नेक भी घूमने लायक जगहों में गिना जाता है। यहां से आसपास की पहाड़ियों और प्राकृतिक दृश्यों का आनंद लिया जा सकता है। शांत वातावरण और खुला नजारा इसे फोटोग्राफी तथा प्रकृति के बीच समय बिताने के लिए उपयुक्त बनाते हैं।

चर्च पर हमला जघन्य, आतंकवाद किसी भी रूप में स्वीकार नहीं: विदेश मंत्री एस जयशंकर

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । जॉर्डन के करक स्थित एक चर्च पर हुई गोलीबारी की भारत ने कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि देश इस दुख की घड़ी में जॉर्डन के साथ खड़ा है। विदेश मंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में कहा, ÷कल जॉर्डन के करक में एक चर्च पर हुए जघन्य हमले से हमें गहरा आघात लगा है। इस दुखद घटना में कई निर्दोषों की जान चली गई और कई घायल हो गए। हम पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं।÷ आतंकवाद के विरुद्ध भारत की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए उन्होंने आगे लिखा, ÷इस कठिन घड़ी में, भारत जॉर्डन के हशमाइट साम्राज्य की सरकार और वहां के मित्रवत लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है। हम आतंकवाद को किसी भी रूप और प्रकार को स्वीकार नहीं करते। हम आतंक विरोधी रुख को लेकर अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को भी दोहराते हैं। वहीं, विदेश मंत्रालय



(एमईए) ने भी शनिवार को एक बयान जारी कर इसे जघन्य हमला करार दिया है। एमईए ने कहा कि भारत 23 अक्टूबर 2026 को जॉर्डन के करक स्थित चर्च पर हुए जघन्य हमले की कड़ी निंदा करता है। इस हमले में कई निर्दोष लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए।पीड़ितों के प्रति संवेदना जाहिर करते हुए आगे लिखा,÷ हम पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और इस कायरतापूर्ण हमले में घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं।÷ बयान के अनुसार, इस कठिन घड़ी में, भारत जॉर्डन के हशमाइट (जॉर्डन) साम्राज्य की सरकार और वहां के मित्रवत लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है। हम आतंकवाद के सभी रूपों और प्रकारों की निंदा करते हैं और इस लड़ाई में अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को भी दोहराते हैं। शुक्रवार को जॉर्डन के एक चर्च में अंतिम संस्कार के दौरान बंदूकधारियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें सात की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए थे। जॉर्डन के स्वास्थ्य मंत्री इब्राहिम अल-बुदैर ने बताया कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है। गोलीबारी राजधानी अम्मान से लगभग 180 किमी (110 मील) दक्षिण में स्थित करक के एक ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च में हुई।जॉर्डन के सरकारी टेलीविजन पर दिखाए गए फुटेज में दो बंदूकधारी चर्च की ओर आते और गोलियां चलाते हुए दिख रहे हैं, जिनके हाथों में पिस्तौल है। इसके बाद तीसरा व्यक्ति दिखता है, जिसके पास सेमी-ऑटोमैटिक राइफल जैसी कोई चीज है। वो वहां आता है और गोलीबारी शुरू कर देता है। फिर तीनों चर्च की ओर दौड़ पड़ते हैं। जॉर्डन की 'पेट्रा' समाचार एजेंसी के अनुसार, देश में तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है।

यूरोप के 854 शहरों में गर्मी से 50 हजार से ज्यादा की मौत, जलवायु परिवर्तन एक अहम कारण: स्टडी

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । यूरोप में 2026 की गर्मियों ने भीषण कहर बरपाया है। इस कारण 50 हजार से अधिक लोगों की मौत होने का अनुमान है। एक नए अध्ययन के अनुसार, इनमें से करीब दो-तिहाई मौतों के लिए जलवायु परिवर्तन जिम्मेदार रहा। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि लगातार बढ़ता तापमान यूरोप के शहरों में सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती पैदा कर रहा है। %इंपीरियल कॉलेज लंदन के ग्रांथम इंस्टीट्यूट% और %लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन% के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में जून से अगस्त 2026 के बीच यूरोप के 30 देशों के 854 शहरी क्षेत्रों का विश्लेषण किया गया। इसमें यूरोपीय संघ के 27 देशों के अलावा ब्रिटेन, स्विट्जरलैंड और नॉर्वे शामिल थे। अध्ययन के अनुसार, इन शहरी क्षेत्रों में गर्मी से जुड़ी अनुमानित अतिरिक्त मौतों की संख्या 50,391 रही। इनमें से लगभग 32,600 मौतों को %मानव-जनित जलवायु परिवर्तन% से जोड़ा गया है। ये वास्तविक मृत्यु प्रमाणपत्रों की सीधी गिनती नहीं, बल्कि तापमान, ऐतिहासिक मृत्यु दर और जलवायु



मॉडलों पर आधारित अनुमान हैं। शोधकर्ताओं ने मौजूदा जलवायु परिस्थितियों की तुलना उस काल्पनिक स्थिति से की, जिसमें मानव गतिविधियों के कारण वैश्विक तापमान में वृद्धि नहीं होती। इसके बाद दोनों परिस्थितियों में अनुमानित गर्मी-संबंधी मृत्यु दर के अंतर के आधार पर जलवायु परिवर्तन की भूमिका का आकलन किया गया। अध्ययन के मुताबिक, वर्ष 2026 में गर्मी से होने वाली अनुमानित मौतों की संख्या 2000 के बाद सबसे अधिक रही। इससे पहले 2022 की गर्मियों में लगभग 29,000 और 2003 में करीब 28,000 मौतों का अनुमान लगाया गया था। इस साल गर्मी का सबसे गंभीर दौर 17 जून से 1 जुलाई के बीच रहा। इस अवधि में क्षेत्र का औसत दैनिक तापमान 1991 से 2020 के औसत से पांच डिग्री सेल्सियस से अधिक ऊपर चला गया। कुल अनुमानित मौतों में से लगभग एक-तिहाई इसी अवधि में हुईं। पश्चिमी और दक्षिणी यूरोप में तापमान और गर्मी से होने वाली मृत्यु दर सबसे अधिक रही। पश्चिमी यूरोप के औसत तापमान की बात करें तो ये 1991-2020 के स्तर से करीब 2.9 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

नोएडा : रायपुर की दुकान सिलेंडर ब्लास्ट से लगी भीषण आग, मचा हड़कंप

डेली आवाज भारती

नोएडा । नोएडा में थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के अंतर्गत रायपुर मंदिर के पीछे खाने-पीने की दुकानों में आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में चार से अधिक दुकानें आने की सूचना है। बताया जा रहा है कि दुकानों में आग लगने के दौरान सिलेंडर ब्लास्ट भी हुआ, जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास शुरू कर दिए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रायपुर मंदिर के पीछे खाने-पीने की कई दुकानें संचालित हैं। शनिवार को इन दुकानों में अचानक आग लग गई। आग ने देखते ही देखते आसपास की चार से अधिक दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। दुकानों



में रखे सामान और खाना बनाने में इस्तेमाल होने वाले गैस सिलेंडरों के कारण आग की स्थिति गंभीर होने की आशंका जताई गई। इसी दौरान सिलेंडर ब्लास्ट होने की सूचना से मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुटने लगी। आग की लपटों और सिलेंडर ब्लास्ट की आशंका को देखते हुए मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल लोगों को घटनास्थल से पीछे हटाना शुरू कर दिया, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो और राहत एवं बचाव कार्य में बाधा उत्पन्न न हो। पुलिस द्वारा आसपास मौजूद लोगों को सुरक्षित दूरी पर रहने के लिए कहा गया। थाना सेक्टर-126 क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस बल मौके पर मौजूद है।

बरेली कोर्ट से पेशी के दौरान बंदी फरार, लापरवाही पर आठ पुलिसकर्मी निलंबित

डेली आवाज भारती



बरेली । उत्तर प्रदेश के बरेली में जिला कारागार से पेशी पर लाया गया एक बंदी न्यायालय परिसर में पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने हवालात ड्यूटी और बंदी को पेशी पर लाने में तैनात आठ पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस ने फरार बंदी समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश तेज कर दी है। सीओ प्रथम बरेली आशुतोष शिवम ने बताया कि 21 अक्टूबर 2026 को जिला कारागार से सचिन पुत्र चंद्रभान को पेशी के लिए न्यायालय परिसर स्थित लॉकअप में लाया गया था। सचिन सुभाष नगर थाना क्षेत्र का निवासी है। पेशी के दौरान मौका पाकर वह पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने हवालात ड्यूटी और बंदी की पेशी के लिए तैनात कुल आठ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। न्यायालय सुरक्षा चौकी प्रभारी की तहरीर पर थाना कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 528/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 261 और 262 में फरार बंदी सचिन तथा आठ पुलिसकर्मियों समेत कुल नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सीओ ने बताया कि फरार बंदी की गिरफ्तारी के लिए सर्विलांस, एसओजी, थाना कोतवाली और थाना सुभाष नगर की चार टीमें गठित की गई हैं।

दौसा : घनी आबादी क्षेत्र में अवैध पटाखों का जखीरा बरामद, 5 बड़े कार्टन में 75 पैकेट जब्त; एक आरोपी गिरफ्तार

डेली आवाज भारती

दौसा। **दीपावली** पर्व के मद्देनजर अवैध आतिशबाजी के भंडारण और बिक्री के खिलाफ दौसा पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। कोतवाली थाना पुलिस ने मंडी रोड स्थित एक रिहायशी इलाके में दबिश देकर अवैध रूप से रखे पटाखों का बड़ा जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने पुराने बोहरा हॉस्पिटल स्थित एक किराये के कमरे से 5 बड़े खाकी कार्टन में भरे विभिन्न प्रकार के पटाखों के 75 पैकेट जब्त करते हुए एक आरोपी को बिना वैध लाइसेंस पटाखे रखने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। किराये के कमरे में छुपा रखा था बारूद का स्टॉक कोतवाल भगवान सहाय शर्मा ने बताया कि शहर में गश्त एवं निगरानी के दौरान एएसआई हरलाल मीना को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि मंडी रोड पर पुराने बोहरा हॉस्पिटल के पास एक किराये के कमरे में भारी मात्रा में पटाखे रखे गए हैं । **कमरे की तलाशी**: पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए ठिकाने पर छापा मारा। कमरे की सघन तलाशी लेने पर पांच बड़े खाकी कार्टून मिले, जिनमें अवैध पटाखों का भंडारण किया हुआ था।

सुतली बम और मुर्गा छाप पटाखे बरामद: जब्त किए गए जखीरे में अत्यंत संवेदनशील और तेज आवाज वाले सुतली बम, मुर्गा छाप पटाखे तथा विभिन्न प्रकार की अन्य



आतिशबाजी शामिल है।

लाइसेंस नहीं दिखा पाया आरोपी: पूछताछ के दौरान आरोपी पटाखों के भंडारण या बिक्री से संबंधित कोई भी वैध लाइसेंस अथवा अनुज्ञापत्र पेश नहीं कर सका।

विस्फोटक अधिनियम और बीएनएस के तहत मामला दर्ज: पुलिस ने मौके से आरोपी दीपेश गुप्ता पुत्र श्यामसुन्दर खण्डेलवाल (निवासी नई मंडी रोड, दौसा) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम, 1884 की धारा 5/9 (ख) तथा भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023 की धारा 288 के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी यह पटाखे कहाँ से खरीदकर लाया था और शहर में किसे सप्लाई करने की योजना थी।

वैश्विक अनिश्चितताओं के चलते सोने-चांदी की कीमतें धड़ाम

हफ्ते भर में गोल्ड करीब 3.3 प्रतिशत तो सिल्वर 7.8 प्रतिशत फिसली

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली । वैश्विक अनिश्चितताओं के चलते सोना और चांदी इस सप्ताह भारी दबाव में रहे और दोनों कीमती धातुओं ने तेज गिरावट दर्ज की। सोने की कीमतों में इस सप्ताह करीब 3.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जो जून के बाद इसका सबसे खराब साप्ताहिक प्रदर्शन माना जा रहा है। वहीं चांदी भी लगातार बिकवाली के दबाव में रही और इसकी कीमतों में इस सप्ताह 7.8 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली, जो नवंबर 2025 के बाद के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई।

विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची रखने की



आशंकाओं ने सोने-चांदी की मांग को प्रभावित किया है। चूंकि सोना ब्याज नहीं देता, इसलिए ऊंची ब्याज दरों के माहौल में इसकी आकर्षण क्षमता कम हो जाती है। घरेलू बाजार में भी अंतरराष्ट्रीय कमजोरी का असर साफ दिखाई दिया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का दिसंबर वायदा भाव गिरकर 1,42,150 रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास पहुंच गया। कारोबार के दौरान सोना 1,42,079 रुपए प्रति 10 ग्राम तक फिसल गया, जो पिछले सत्र की तुलना में लगभग 1,230 रुपए यानी 0.86 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है।

चांदी में और बड़ी गिरावट देखने को मिली। दिसंबर वायदा चांदी का भाव करीब 1,95,408 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया, जिसमें 4,191 रुपए यानी 2.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। लगातार बिकवाली के कारण चांदी का भाव अब 2 लाख रुपए प्रति किलोग्राम के महत्वपूर्ण स्तर से नीचे बना हुआ है।

वहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो, शनिवार सुबह कॉमेक्स गोल्ड 1.24 प्रतिशत गिरकर 4,010 डॉलर प्रति औंस के आसपास पहुंच गया, जबकि कारोबार के दौरान यह 3,989.10 डॉलर प्रति औंस तक फिसला, जो 20 जुलाई के बाद का सबसे निचला स्तर है। जबकि कॉमेक्स पर चांदी करीब 1.9 प्रतिशत गिरकर 53.96 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

बाजार विश्लेषकों का कहना है कि इस गिरावट के पीछे सबसे बड़ा कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी है। हूती हमलों और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण ब्रेंट क्रूड 116.7 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। ऊंचे तेल दाम महंगाई को बढ़ा सकते हैं, जिससे केंद्रीय बैंक ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊंचा बनाए रख सकते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, अक्टूबर के अंत में होने वाली फेडरल रिजर्व बैठक में ब्याज दर बढ़ोतरी की संभावना सीमित है, लेकिन दिसंबर में दरें बढ़ाए जाने की संभावना अभी भी 80 प्रतिशत से अधिक बनी हुई है। यही वजह है कि निवेशक सोने और चांदी में नई खरीदारी करने से बच रहे हैं।

इसके अलावा, मजबूत डॉलर और ऊंची अमेरिकी बॉन्ड यील्ड ने भी सोने की मांग को कमजोर किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल महंगाई और ब्याज दरों से जुड़ी चिंताएं बुलियन बाजार के लिए नकारात्मक माहौल बना रही हैं।

तमिलनाडु: नीलगिरि में भूस्खलन की चपेट में आई सरकारी बस

ड्राइवर की मौत, 50 यात्री बाल-बाल बचे

डेली आवाज भारती

नीलगिरि । तमिलनाडु के नीलगिरी जिले में पार्लियार के पास एक सरकारी बस भूस्खलन की चपेट में आ गई। बस का टायर पंचर होने के बाद लगभग 50 यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया था, जिसके कुछ ही मिनटों बाद यह हादसा हुआ। बस ड्राइवर जनगराज की इस घटना में मौत हो गई। बचावकर्मियों ने लंबे अभियान के बाद मलबे से चालक का शव निकालकर उसकी मौत की पुष्टि की। पहले खबरें थीं कि उसे सुरक्षित निकाल लिया गया है, लेकिन बचाव दल ने बाद में स्पष्ट किया कि वह वाहन के अंदर ही फंसा रहा और उसकी मौत हो गई। भूस्खलन में फंसे कंडक्टर केशवन को अग्निशमन एवं बचाव सेवा कर्मियों ने घायल अवस्था में पाया और अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया



कि जब पहाड़ी ढही, तब बस में कोई यात्री नहीं था। कंडक्टर ने कहा, ÷बस में सिर्फ मैं और ड्राइवर थे। पेड़ एक के बाद एक सड़क पर गिरने लगे। जब हमने बस को सुरक्षित रूप से रोकने की कोशिश की, तो हम भूस्खलन की चपेट में आ गए।÷ यह बस कोयंबटूर से ऊटी जा रही थी, जब पार्लियार के पास प्रभावित क्षेत्र में पहुंचने से कुछ ही देर पहले इसका टायर पंचर हो गया। बस के खराब होने से पहले उसमें लगभग 50 यात्री सवार थे। घटना के विवरण के अनुसार, टायर पंक्चर होने के बाद यात्रियों को बस से निकाल लिया गया था। उनके निकलने के कुछ ही मिनटों के भीतर पहाड़ी सड़क पर एक भीषण भूस्खलन हुआ, जिससे पेड़, पत्थर और मिट्टी ने बस को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे की सूचना मिलने के बाद आपातकालीन टीमों ने बचाव अभियान शुरू किया और घायल कंडक्टर को सुरक्षित निकालने में सफल रहीं। मलबे के बीच चालक तक पहुंचने के प्रयास जारी रहे, लेकिन अंततः बचाव दल ने उनका शव बरामद कर लिया। उनकी मृत्यु की पुष्टि ने सफल बचाव की पहले की रिपोर्टों को गलत साबित कर दिया और यह स्थापित किया कि दुर्घटना में केवल एक व्यक्ति की जान गई थी। इस बीच प्रभावित क्षेत्र से गिरे हुए पेड़ों, पत्थरों और मिट्टी को हटाने का काम जारी रहा, ताकि पहाड़ी सड़क पर यातायात बहाल किया जा सके।

CMYK

page 8_Layout 1 24-10-2026 21:57 Page 1

लुधियाना में पहले घर में घुसकर काटा युवक का हाथ, फिर दुकानदार से कहा- पड़ोसियों तक पहुंचा देना!

- यह पूरी घटना लुधियाना में रेडू साहिब गुरुद्वारा साहिब के पास की है
- वे कटे हाथ को लिफाफे में डालकर करियाने के दुकानदार को दे गए

लुधियाना से शरीर के रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई



लिफाफे में कटा हाथ देख दुकानदार के उड़े होश

जब दुकानदार ने संदेह होने पर उस सफेद लिफाफे को खोला, तो भीतर का खौफनाक मंजर देखकर उसकी चीख निकल गई। लिफाफे के अंदर एक व्यक्ति का कलाई के पास से कटा हुआ ताजा हाथ पड़ा था, जिससे खून रिस रहा था। दुकानदार का शोर सुनकर आसपास के दुकानदार और स्थानीय निवासी मौके पर इकट्ठा हो गए। देखते ही देखते पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया और लोग अपनी सुरक्षा को लेकर सहम गए।

डेली आवाज भारती

लुधियाना। लुधियाना से एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां बदमाशों ने एक घर में घुसकर युवक का तेजधार हथियार से उसका हाथ काटकर अलग कर दिया। हमलावर यहां भी नहीं रुके, इसके बाद वे कटे हाथ को लिफाफे में डालकर करियाने की दुकान पर ले गए और दुकानदार को कहा इसे युवक के घर पहुंचा देना। जब दुकानदार ने लिफाफा देखा तो उसके होश ही उड़ गए, क्योंकि उसमें कटा हुआ हाथ था। यह पूरी घटना लुधियाना में रेडू साहिब गुरुद्वारा साहिब के पास की है। इस घटना के कारण आस-पास लोगों में दहशत फैल गई। घटना के बाद पुलिस को इस मामले की जानकारी दी गई। वहीं घायल की पहचान शक्ति सिंह उर्फ भूरा के रूप में हुई है और उसे अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुलिस जांच में जुटी है। बागी स्टैंड पर स्थित एक करियाना स्टोर पर दुकानदार रोजमर्रा की तरह अपनी दुकानदारी कर रहा था। तभी एक बाइक सवार अज्ञात युवकों ने दुकानदार की तरफ एक सफेद रंग का लिफाफा बढ़ाते हुए कहा कि यह लिफाफा अपने पड़ोसियों को सौंप देना और उन्हें यह संदेश भी दे देना कि अगर वे नहीं सुधरे तो उनका भी यही हाल होगा।

सुनामी गेट पर एंटी बेगिंग टास्क टीम की चेकिंग; सड़क पर घूमता मिला बच्चा

डेली आवाज भारती



संगरूर/मोहिंदर सिंह। जिला संगरूर में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें भीख मांगने से रोकने के उद्देश्य से एंटी बेगिंग टास्क टीम की ओर से सुनामी गेट पर चेकिंग की गई। इस दौरान एक बच्चा सड़क पर बिना किसी स्पष्ट उद्देश्य के घूमता हुआ पाया गया। टीम ने बच्चे की स्थिति का जायजा लेते हुए उसकी सुरक्षा और भलाई को ध्यान में रखकर जरूरी कार्रवाई की। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप सिंह गिल के दिशा-निर्देशों के तहत बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए विभागीय टीमों द्वारा निगरानी और जांच की जा रही है। ऐसी चेकिंग का मुख्य उद्देश्य बच्चों को असुरक्षित परिस्थितियों से बचाना और जरूरत के अनुसार उन्हें सुरक्षा व सहायता प्रदान करना है। चेकिंग के दौरान शिक्षा विभाग से श्री शशि भूषण, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. प्रणव कुमार और जिला बाल सुरक्षा कार्यालय संगरूर से श्री गगनदीप गर्ग तथा श्री रुपिंदर सिंह मौजूद थे। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यदि उनके ध्यान में कोई बच्चा असुरक्षित परिस्थितियों में, बेसहारा या सड़कों पर भटकता हुआ दिखाई देता है, तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित विभाग या बाल सहायता हेल्पलाइन 1098 पर दी जाए, ताकि बच्चे को समय पर जरूरी सहायता और सुरक्षा उपलब्ध करवाई जा सके।

विधायक नरिंदर कौर भराज ने पांच गांवों के निवासियों को 'मेरा घर मेरे नाम' योजना के तहत बांटे मालिकाना हक के पत्र

गांव काकड़ा, जौलियां, कलौदी, देह कलां और रूपाहेड़ी के लाभार्थियों को सौंपे घरों के मालिकाना दस्तावेज

- लोगों को उनके घरों का मालिकाना हक दिलाने के लिए पंजाब सरकार प्रतिबद्धः नरिंदर कौर भराज

डेली आवाज भारती





संगरूर/भवानीगढ़ मोहिंदर सिंह। विधानसभा हलका संगरूर की विधायक नरिंदर कौर भराज ने 'मेरा घर मेरे नाम' योजना के तहत गांव काकड़ा के 512, जौलियां के 78, कलौदी के 157, देह कलां के 131 और रूपाहेड़ी के 124 निवासियों को मालिकाना हक के पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने लाभार्थी परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि अपने घर के मालिकाना दस्तावेज मिलना हर परिवार के लिए संतोष और खुशी का पल है। विधायक नरिंदर कौर भराज ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने और सरकारी सेवाओं का लाभ उन तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि 'मेरा घर मेरे नाम' योजना गांवों में लाल लकीर के भीतर रहने वाले लोगों को उनके घरों के मालिकाना हक से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करवाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि कई परिवार पीढ़ियों से अपने घरों में रह रहे हैं, लेकिन मालिकाना हक से संबंधित दस्तावेजों की कमी के कारण उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इस योजना के तहत मालिकाना हक के पत्र मिलने से ऐसे परिवारों को अपनी आवासीय संपत्ति के स्वामित्व का दस्तावेजी आधार मिलता है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि हर पात्र लाभार्थी तक इस योजना का लाभ पहुंचे। नरिंदर कौर भराज ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि योजना के तहत लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए और लोगों को प्रक्रिया के बारे में सही जानकारी व जरूरी सहायता उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने पंचायतों से भी अपील की कि पात्र परिवारों की पहचान करने और उन तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए प्रशासन के साथ सहयोग करें। विधायक ने कहा कि हलका संगरूर के गांवों का सर्वांगीण विकास और लोगों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करवाने के प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर संबंधित गांवों की सभी पंचायतों के प्रतिनिधि, मेजर चट्ठा सरपंच काकड़ा, मनदीप रूपाहेड़ी, दर्शन काकड़ा, राशि छन्ना, हरप्रीत सरपंच, भूपिंदर काकड़ा और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

पंजाब में बस यात्रियों के लिए राहत भरी खबर, रोडवेज-पनबस और पीआरटीसी कर्मचारियों ने खत्म की हड़ताल

- 21 अक्टूबर से हड़ताल शुरू की, कर्मचारी लगातार धरना दे रहे थे
- पीआरटीसी मुख्यालय में पंजाब ट्रांसपोर्ट मंत्री के साथ पैनल बैठक

डेली आवाज भारती

बाकी मांगों पर 29 अक्टूबर को अंतिम फैसला लेने का भरोसा दिया



29 अक्टूबर तक मांगें पूरी नहीं हुईं तो फिर होगा प्रदर्शन

पंजाब रोडवेज, पनबस और पीआरटीसी के कच्चे कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म कर दी है। पंजाब सरकार के साथ हुई बैठक के बाद कर्मचारी संगठनों ने हड़ताल खत्म कर बस सेवाएं बहाल करने का ऐलान किया। वित्त मंत्री ने भी हड़ताल समाप्ति की जानकारी दी। सरकार ने बाकी मांगों पर 29 अक्टूबर को अंतिम फैसला लेने का आश्वासन दिया है। बता दें कि कर्मचारियों ने 21 अक्टूबर से हड़ताल शुरू की। कर्मचारी लगातार धरना दे रहे थे। शनिवार को पीआरटीसी मुख्यालय में पंजाब के ट्रांसपोर्ट मंत्री के साथ पैनल बैठक हुई। इस बैठक में कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगें रखीं। सहमति बनने के बाद सरकार ने उन्हें लागू करने की प्रक्रिया शुरू करने का भरोसा दिया। 26 और 27 अक्टूबर से आउटसोर्स कर्मचारियों को कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त करने और जॉइन करवाने के लिए ट्रांसपोर्ट मंत्री की ओर से जॉइनिंग लेटर दिए जाएंगे।

काली पट्टी बांधकर पहुंचे कांग्रेसी विधायक, सीएम मान के इस्तीफे की मांगः

डेली आवाज भारती

विधानसभा सत्र के दूसरे दिन कांग्रेस के सभी विधायक गले में काली पट्टियां बांधकर सदन में पहुंचे। विपक्ष के नेता प्रताप सिंह मानसा के चर्चित एंटी-ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा की हत्या का मामला विधानसभा में पूरी तरह छाया रहा। विपक्ष ने सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया कि पंजाब में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले सुरक्षित नहीं हैं। हालांकि, मुख्यमंत्री भगवंत मान (विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के बीच मुख्यमंत्री भगवंत मान (ने सदन में बेहद आक्रामक और तीखा भाषण दिया। उन्होंने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए पिछले राजनीतिक रिकॉर्ड्स और जवाबदेही के मुद्दों पर कई बड़े खुलासे किए, जिससे सदन का माहौल काफी गर्मा गया। (इस कदम के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जुबानी जंग और तेज हो गई है। विधानसभा की हर छोटी-बड़ी गतिविधि के लिए दैनिक भास्कर पंजाब पर लगातार नजर बनाए रखें।

रिश्वत के मामले में विजिलेंस का एक्शन!

लुधियाना में तैनात महिला एएसआई को रिश्वत मामले में साथी समेत किया गिरफ्तार

- एक मामले के निपटारे के लिए डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी
- उसकी साथी सुखजीत कौर पर 60 लाख रुपए रिश्वत मांगने का आरोप है

डेली आवाज भारती





सुखजीत कौर ने मांगे थे 60 लाख

वहीं सुखजीत कौर को भी इस मामले में गिरफ्तार किया है। सुखजीत कौर पर 60 लाख रुपए रिश्वत मांगने का आरोप है। शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस की टीम ने सुखजीत कौर को भी गवाहों की मौजूदगी में गिरफ्तार कर लिया है। अब दोनों पर भ्रष्टाचार के तहत केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।।

लुधियाना। विजिलेंस ने लुधियाना में तैनात महिला स्ट्रू लखविंदर कौर को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। एक मामले के निपटारे के लिए डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इसके साथ ही सुखजीत कौर नाम की महिला को भी पकड़ा है। सुखजीत कौर पर 60 लाख रुपए रिश्वत मांगने का आरोप है। दोनों के खिलाफ विजिलेंस ने भ्रष्टाचार के तहत केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, स्ट्रू लखविंदर कौर ने एक मामले के निपटारे के लिए डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी। स्ट्रू को विजिलेंस की टीम ने रंगे हाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया। जिसके बाद स्ट्रू को विजिलेंस ने 2 सरकारी गवाहों की मौजूदगी में 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पीईसी (पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज), चंडीगढ़ (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) के 56वें दीक्षांत समारोह की शोभा बढ़ाई

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पीईसी (पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज), चंडीगढ़ (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) ने अपना 56वाँ दीक्षांत समारोह अत्यंत उत्साह और शैक्षणिक गरिमा के साथ आयोजित किया। इस अवसर पर पंजाब के माननीय राज्यपाल, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक एवं पीईसी के कुलाधिपति श्री गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पीईसी के कुलपति प्रो. भोला राम गुर्जर सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों, विशिष्ट अतिथियों, संकाय सदस्यों, उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा उनके गौरवान्वित परिजनों ने भी समारोह में भाग लिया। दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतीक रहा, जिसमें उनकी लगन, दृढ़ता और उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया। इस समारोह ने तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में पीईसी की गौरवशाली परंपरा तथा भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार पेशेवरों और जिम्मेदार नेतृत्वकर्ताओं को विकसित करने की संस्थान की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित किया।

विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के अंतर्गत कुल 824 उपाधियाँ प्रदान की गईं, जिनमें 737 बी.टेक., 69 एम.टेक. और 18 पीएच.डी. उपाधियाँ शामिल थीं। इनमें से 675 विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी उपाधियाँ प्राप्त कीं, जबकि 149 उपाधियाँ अनुपस्थिति में प्रदान की गईं। पीईसी के कुलपति प्रो. भोला राम गुर्जर ने मुख्य अतिथि श्री गुलाब चंद कटारिया का स्वागत किया तथा उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और उनके परिवारों को बधाई दी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को वर्ष के दौरान संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता को सुदृढ़ करने, अंतर्विषयक अनुसंधान को बढ़ावा देने, उद्यमिता को प्रोत्साहित करने तथा उद्योग जगत और प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग को मजबूत करने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कुलपति ने संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट भी मुख्य अतिथि को प्रस्तुत की।

उन्होंने विद्यार्थियों को पीईसी के मूल्यों और परंपराओं को बनाए रखने तथा अपने व्यावसायिक कार्यों के माध्यम से समाज में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। सभा को संबोधित करते हुए श्री गुलाब चंद कटारिया ने स्नातक विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने पीईसी की गौरवशाली विरासत का उल्लेख करते हुए प्रख्यात वैज्ञानिक प्रो. सतीश धवन तथा संस्थान की प्रतिष्ठित पूर्व छात्रा और अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला को याद किया। उन्होंने इन महान विभूतियों को इंजीनियरों और युवाओं की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्थायी स्रोत बताया। इस अवसर पर पीईसी की पूर्व छात्रा सुश्री कंवरदीप कौर, आईपीएस, एसएसपी, चंडीगढ़ को फेम इंडियाङ्कएशिया पोस्ट द्वारा भारत के शीर्ष 25 पुलिस अधिकारियों में शामिल किए जाने का भी उल्लेख किया गया। स्नातक विद्यार्थियों को भारत के भावी युवा बताते हुए राज्यपाल ने उनसे भारत की समृद्ध विरासत को गर्व और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने नशा मुक्ति पर विशेष बल देते हुए युवाओं से नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा नशामुक्त समाज के दूत बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और एकाग्र युवा पीढ़ी ही सशक्त राष्ट्र की नींव है। राज्यपाल ने युवा इंजीनियरों को नवाचार करने तथा देश की सेवा में प्रौद्योगिकी और उभरती तकनीकों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को मजबूत किया जा सके तथा किसी भी चुनौती के विरुद्ध देश के हितों और अखंडता की रक्षा की जा सके।

यूके में रह रहे कुल्हड़ पिज्जा कपल फिर चर्चा में, 'मैं रहूं या न रहूं, मेरे परिवार को परेशान मत करो : सहज अरोड़ा

- यूके में रह रहे सहज अरोड़ा ने अस्पताल से एक भावुक अपील

डेली आवाज भारती



विवादों के कारण सुर्खियों में कुल्हड़ पिज्जा कपल

बता दें कि जालंधर के सहज अरोड़ा और गुरप्रीत कौर सोशल मीडिया पर 'कुल्हड़ पिज्जा कपल' के नाम से मशहूर हुए थे। यह जोड़ा कई विवादों के कारण सुर्खियों में रहा। एक निजी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कपल को लंबे समय तक ऑनलाइन ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। अब सहज अरोड़ा की अस्पताल से की गई अपील के बाद यह मामला फिर चर्चा में है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया है कि पुराने विवादों को लेकर उनकी पत्नी और बच्चों को निशाना न बनाया जाए और परिवार को अपनी जिंदगी शांति से जीने दिया जाए।

मशहूर कुल्हड़ पिज्जा कपल एक बार फिर चर्चा में है। यूके में रह रहे सहज अरोड़ा ने अस्पताल से एक भावुक अपील की है। सहज के मुताबिक, वह अस्पताल में भर्ती हैं और उनका एक ऑपरेशन हो चुका है। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों ने शरीर में ट्यूमर होने की आशंका जताई है। हालांकि, इस संबंध में अभी किसी अंतिम मेडिकल रिपोर्ट की पुष्टि सामने नहीं आई है। अस्पताल से लोगों को संबोधित करते हुए सहज अरोड़ा ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि उनकी जिंदगी कितनी बची है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अब उनके परिवार को ट्रोल करना बंद कर दिया जाए। खास तौर पर उनकी पत्नी गुरप्रीत कौर और बच्चों को निशाना न बनाया जाए। सहज ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं चाहा था कि उन्हें इस तरह की बदनामी या विवादों के कारण पहचान मिले। उनके मुताबिक, पिछले तीन सालों से उनका परिवार बेहद मुश्किल दौर से गुजर रहा है और अब वह लोगों की बातें सुनकर थक चुके हैं। सहज ने भावुक होते हुए कहा कि उन्हें नहीं पता कि वह आगे जिंदगी में रहेंगे या नहीं, लेकिन उनकी पत्नी और बच्चों को अब परेशान करना बंद किया जाए। ब्लैकमेलिंग के मामले में सहज ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि इस पूरे मामले में कौन-कौन लोग शामिल थे। वह अब सिर्फ अपने परिवार के लिए शांति चाहते हैं।

भारत को आखिरी ओवर में वर्मा' जी ने लगाया जीत का 'तिलक', नीतीश रेड्डी का मिला साथ, कीवी टीम को हराया

न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ 5 विकेट खोकर 180 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए

- खराब शुरुआत और तनावपूर्ण क्षणों के बावजूद भारत ने शानदार वापसी की

डेली आवाज भारती



तिलक ने अर्धशतक की बदौलत पलटी बाजी

अंत के ओवरों में नीतीश रेड्डी और तिलक वर्मा ने मोर्चा संभाला और सातवें विकेट के लिए 30 गेंदों में 69 रनों की अटूट साझेदारी निभाते हुए भारतीय टीम को जीत दिलाई। तिलक ने 26 गेंदों में 6 चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 51 रन बनाए, जबकि नीतीश कुमार रेड्डी 13 गेंदों में 26 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से मिचेल सैंटनर ने चार ओवरों में 21 रन देकर 4 विकेट चटकाए।

भारत ने दूसरे टी20 में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया है। खराब शुरुआत और तनावपूर्ण क्षणों के बावजूद भारत ने शानदार वापसी की और कीवी टीम के हाथों से जीत छीन ली। भारत की जीत के सिपहसालार रहे तिलक वर्मा ने टीम के लिए जीत का तिलक लगाया और नितीश रेड्डी के साथ नाबाद साझेदारी की बदौलत आखिरी ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस तरह भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। बता दें मैच से पहले कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया था। इसके बाद न्यूजीलैंड ने फिलिप्स और जैकब्स की दमदार पारियों की वजह से भारत के सामने 181 रनों का लक्ष्य रखा। न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही थी। टिम साइफर्ट सिर्फ सात रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद फिन एलन को प्रिंस यादव ने बोल्ड कर न्यूजीलैंड को दूसरा झटका दिया। तीन नंबर पर बल्लेबाजी करने आए डेरिल मिचेल भी कुछ खास नहीं कर पाए। वो 6 रन बनाकर भुवनेश्वर कुमार का शिकार हुए। भुवी ने चार साल बाद भारत के लिए विकेट निकाला। भारत की ओर से सबसे ज्यादा दो विकेट अर्शदीप सिंह ने लिए। पहले मैच की तरह एक बार फिर ग्लेन फिलिप्स और बेवन जैकब्स ने टीम के लिए शानदार पारी खेली। फिलिप्स और जैकब्स के बीच चौथे विकेट के लिए 76 गेंदों में 116 रनों की शानदार साझेदारी हुई। फिलिप्स ने 43 गेंदों में चार चौकों और छक्कों की बदौलत 70 रनों की पारी खेली। वहीं जैकब्स ने पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 46 गेंदों में 58 रन बनाए, जिसकी वजह से न्यूजीलैंड ने पांच विकेट खोकर 180 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही. अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन सस्ते में आउट हो गए. इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए वैभव सूर्यवंशी भी 4 रन ही बना सके. शीर्ष क्रम के जल्दी पवेलियन लौटने के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल ने भी अपने विकेट जल्दी-जल्दी गंवा दिए।

CMYK